सुप्रभात

तापमान
अधिकतम -32 डिग्री न्यूनतम-26 डिग्री

बिजनौर, गुरूवार
26 जुलाई 2018

बिजनौर टाइम्स

संस्थापक: बाबूसिंह चौहान

14 नवम्बर 1963 को स्थापित

ग्रामीण ने विरोधस्वरूप नहीं जुड़ने दिया टूटा हुआ तार 3

जनपद के सभी अन्त्योदय ग्रामों में 31 जुलाई तक पूर्ण किया जाये सर्वे: डीएम 5

आर्थिक भगोड़ा अपराधी विधेयक पर संसद की मुहर

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। एक सौ करोड़ रुपये या उससे अधिक के आर्थिक अपराध कर देश छोड़ने वाले अपराधियों की संपत्ति जब्त करने और उसे स्वदेश लाने के उद्देश्य से लाये गये अध्यादेश का स्थान लेने वाले भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018 पर आज संसद की मुहर लग गयी। राज्यसभा ने आज इसे ध्वनिमत से पारित किया जबकि लोकसभा इसे पिछले गुरूवार को पारित कर चुकी है। वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने सदन में इस पर करीब सवा तीन घंटे चली चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि इस विधेयक उद्देश्य भगोड़े आर्थिक अपराधियों को स्वदेश लाना और भविष्य में इस तरह की अपराध कर देश छोड़ कर भागने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि इसमें 100 करोड़ रुपये का स्तर इसलिए बनाया गया है ताकि इसके तहत बनने वाली विशेष अदालत में त्वरित और निर्धारित समयावधि में कार्रवाई हो सके।

E-mail:bijnor_times@yahoo.co.in www.bijnortimes.in वर्ष-55 अंक -252 पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 1.50

बिजनौर

दो घरों में लाखों की चोरी

चांदपुर। मौहल्ला शाहचंदन में मकसूद कुरैशी तथा मरगूब कुरैशी के घरों से चोरों ने लाखों रुपयों की नगदी तथा आभूषण चुरा लिये।

कार से गौमांस बरामद

नजीबाबाद। पुलिस ने टाटा इंडिका को पकड़ कर डेढ़ कुंतल गाय का मांस तथा गौकशी के उपकरणों सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ गोष्ठी

स्योहारा। स्योहारा डिग्री कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ गोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश रमेश तिवारी ने कहा कि घर के वातावरण से ही बच्चे का भविष्य तय होता है।

मां को बेटों ने घायल कर दिया

पैजनिया। ग्राम फजलपुर ढाकी में भूरी नामक महिला को उसके बेटों ने ही धारदार हथियारों से घायल कर दिया। मामले की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

रोजगार मेला 30 जुलाई को

बिजनौर। जिला सेवा योजन कार्यालय के तत्वावधान में 30 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें कम्प्यूटर की कई कम्पनियां सहभागिता करेंगी।

आम आदमी पार्टी की बैठक

बिजनौर। आम आदमी पार्टी रुहेलखण्ड प्रांत के सभी नौ जिलों के पदाधिकारियों की बैठक शहनाई वैकेंट हाल में प्रांतीय संगठन सचिव श्री राजीव सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई जिसमें पार्टी को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया।

विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग

नगीना। क्षेत्रीय सपा विधायक मनोज पारस ने लखनऊ में प्रमुख सचिव ऊर्जा से मुलाकात कर नगीना विधानसभा क्षेत्र के 106 गांवों में उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगवाने तथा विद्युत पोलों की दूरी कम करने व जर्जर लाइनों को बदलवाने की मांग की है।

देश की तरक्की में महिलाएं और किसानों की भूमिका महत्वपूर्ण - कोविंद

जगदलपुर, 25 जुलाई। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज कहा कि देश की तरक्की में महिलाएं और किसान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, श्री कोविंद ने छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के दंतेवाड़ा जिले के जारंगा गांव में किसानों और महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने उन्नत जैविक खेती और महिला स्व सहायता समूहों द्वारा स्थापित स्थानीय लघु उद्यमों का निरीक्षण किया और उनके काम को देखकर काफी प्रभावित हुए। इंटीग्रेटेड फार्मिंग सेंटर हिरानार में उन्होंने किसानों और महिलाओं से चर्चा की। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्व सहायता समूह की महिलाओं और किसानों के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में महिलाएं और किसान किस तरह अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं, इसका शानदार उदाहरण यहां देखने को मिला।

अरे ओ ललुआ...

"अरे ओ ललुआ!"
"हां, बापू!"
" कुछ सुना तूने?"
" क्या बापू?"

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में कहा है कि 2024 तक प्रधानमंत्री पद के लिए कोई वेकेंसी नहीं है यानि वे दस साल और प्रधानमंत्री रहेंगे।"

"बापू! लगता है कि नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के साथ-साथ भविष्य वक्ता भी बनना चाहते हैं।"

"हां, बेटा ऐसा ही होगा।"

पाकिस्तान के चुनाव में हिंसा:31 मरे

इस्लामाबाद, 25 जुलाई। पाकिस्तान में बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच आम चुनाव के लिए सुबह आठ बजे शुरू हुए मतदान के दौरान ही क्वेटा में विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। शाम छह बजे मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू हो जाएगी।

बीबीसी ने यह जानकारी दी है। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मामूली झड़प और विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गयी और कई घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नेशनल असेंबली की 272 और चार प्रांतीय विधानसभाओं की 577 सीटों के लिए चुनाव हो चुका है। दस करोड़ 50 लाख मतदाता नयी सरकार चुनने के लिए मतदान कर रहे हैं। पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग ने कहा कि चुनाव में जबर्दस्त हेरफेर करने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और भ्रष्टाचार मामले में जेल की सजा काट रहे नवाज शरीफ की की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) की पार्टी एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ज्यादातर सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि इस बार खंडित जनादेश मिल सकता है और ऐसे में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) किंगमेकर की भूमिका अदा कर सकती है। श्री खान ने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार से पूरी तरह निपटने का वादा किया है लेकिन उनके प्रतिद्वंदियों ने उन पर सेना का लाभ उठाने का आरोप लगाया है। सेना ने पाकिस्तान के इतिहास में लगभग आधे समय तक शासन किया है। पाकिस्तान में चुनाव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। हिंसा की घटना को रोकने के लिए मतदान के दौरान तीन लाख 70 हजार जवानों और हजारों पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में मतदान केन्द्र पर पुलिस कर्मियों को निशाना बनाकर आत्मघाती विस्फोट किया गया। इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

बुनियादी जरूरतों के प्रति भाजपा सरकार का रवैया उपेक्षापूर्ण-अखिलेश

लखनऊ, 25 जुलाई। समाजवादी पार्टी(सपा) अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की सरकार पर बुनियादी जरूरतों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुये कहा कि जनहित के मुद्दों पर राज्य सरकार ने लोगों को निराश किया है। श्री यादव ने बुधवार को यहां प्रदेश भर से आयीं पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि महिलायें चाहे किसी भी समुदाय की हों उनके साथ न्याय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में पूरे देश में किसान-नौजवान सड़कों पर हैं। महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भाजपा सरकार की कुनीतियों की वजह से व्यापारी बेहाल हैं। जनता की बुनियादी जरूरतों के प्रति सरकार का रवैया उपेक्षापूर्ण है। जनहित के मुद्दे पर भाजपा सरकार ने पूरी तरह निराश किया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान महिलायें सबसे ज्यादा संकट में हैं। सपा के सत्ता में आने पर महिलाओं का सम्मान करते हुये उन्हें दो हजार रुपये प्रतिमाह समाजवादी पेंशन की मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि हमने जिन शिक्षामित्रों को शिक्षक बनाकर रोजगार तथा शिक्षातंत्र से सशक्त किया था उन्हें भाजपा ने आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया है।

मराठा आरक्षण आंदोलन में हिंसा: मुंबई में 400 से अधिक लोग हिरासत में

मुंबई,25 जुलाई। मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। इस दौरान हिंसा हुई। प्रदर्शनकारियों ने बसों पर हमला किया , लोकल ट्रेन पर पथराव किया तथा आगजनी की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा 'हमने 447 लोगों को हिरासत में लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।' मराठा संगठनों ने आज मुंबई और आसपास के इलाकों में बंद का आह्वान किया था। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को शहर में 45 स्थानों से गिरफ्तार किया गया। आंदोलन के दौरान कुछ स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने बसों पर पत्थरबाजी की, रास्तों को बाधित किया और सार्वजनिक संपत्ति को नकुसान पहुंचाया गया। पड़ोस के ठाणे शहर में पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर 20 लोगों को हिरासत में लिया। इस बीच, कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि भाजपानीत महाराष्ट्र सरकार ने आरक्षण आंदोलन के दौरान मराठा समुदाय के राजस्व एवं पुलिसकर्मियों को बंदोबस्त ड्यूटी से जानबूझकर अलग रखा। विश्वसनीय सूत्रों का हवाला देते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल ने कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन शुरू होने से पहले पुलिस और राजस्व अधिकारियों की जाति के बारे में जानकारी ली गई।

स्वामी अग्निवेश और उनके 100 समर्थकों के खिलाफ एफआईआर

पाकुड़, 25 जुलाई। 17 जुलाई को पाकुड़ में स्वामी अग्निवेश पर हुए हमले के मामले में नया मोड़ आया है। बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री शीला रानी हेम्ब्रम ने स्वामी व उनके 100 समर्थकों के खिलाफ पाकुड़ नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। भाजपा नेत्री ने आरोप लगाया है कि स्वामी ईसाई मिशनरियों का प्रचार करते हैं।

देश के लिए शहीद जवानों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। नक्सलियों को देश का सपूत बताते हैं। उनका पूरा काम देशद्रोही जैसा है। वह पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में ईसाइयों के कार्यक्रम में आए थे और वहां भाजपा कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने गये थे,लेकिन स्वामी व उनके समर्थकों ने गाली गलौज करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट कर दी। पहाड़िया महासम्मेलन में भाग लेने आए स्वामी अग्निवेश के साथ पाकुड़ में विद्यार्थी परिषद व भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की थी। कार्यकर्ता स्वामी के पाकुड़ दौरे का विरोध कर रहे थे। इस दौरान काला झंडा दिखाने के दौरान मारपीट हो गई थी। मारपीट में स्वामी के कपड़े भी फट गए थे। स्वामी ने गोमांस पर बयान दिया था कि गोमांस खाना चाहिए। इससे आक्रोशित हो भाजयुमो व अभाविप ने हमला किया था। पहाड़िया समुदाय के लोग राज करते थे। जमीन की खरीद बिक्री को लेकर उनके द्वारा पेशा कानून लागू किया गया था। पहाड़िया हिल एसेंबली महासभा के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्वामी अग्निवेश पाकुड़ पहुंचे थे। पूर्व में स्वामी अग्निवेश ने गोमांस को लेकर विवादित बयान दिया था।

राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में अगले 48 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट

जयपुर, लखनऊ, भोपाल, देहरादून, 25 जुलाई। मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राजस्थान में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, जालोर, नागौर और पाली में भारी बारिश की चेतावनी दी है। वहीं, उत्तराखंड में क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने अगले 48 घंटों में 'भारी से बहुत भारी बारिश' को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश में मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश का दौर मंगलवार देर रात तक जारी रहा। सीकर में वर्षा जनित हादसों में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। सीकर में मंगलवार शाम से ही हो रही बरसात में कई इलाके जलमग्न हो गए हैं तो वहीं बरसात के कारण नीमकाथाना इलाके के मावन्डा गांव में मकान ढ़हने से एक महिला की मलबे में दबने से मौत हो गई। उसके दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दोनों बच्चों को नीमकाथाना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं नीमकाथाना में छात्रावास के एक कुण्ड मे पानी भरने से मनीष नामक युवक की डूबने से मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह 8.30 बजे तक जयपुर में 85.4 मिलीमीटर, सीकर में 59.2 मिलीमीटर, पिलानी में 41.2 मिलीमीटर, सवाईमाधोपुर में 37.0 मिलीमीटर, चित्तौड़गढ़ में 36.5 मिलीमीटर, भीलवाड़ा में 14.0 मिलीमीटर, वनस्थली में 9.4 मिलीमीटर, बूंदी में 5 मिलीमीटर, कोटा में 3.4 मिलीमीटर, अजमेर में 2.1 मिलीमीटर और माउंटआबू में 1.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

हार्दिक पटेल को दो वर्ष की सजा,मिली जमानत

महेसाणा, 25 जुलाई। गुजरात के महेसाणा जिले के विसनगर की एक अदालत ने आज पाटीदार आरक्षण आंदोलन समिति (पास) के नेता हार्दिक पटेल, सरदार पटेल ग्रुप के अध्यक्ष लालजी पटेल और एक अन्य समेत तीन लोगों को तीन साल पहले वहां आरक्षण समर्थक एक रैली के दौरान तत्कालीन भाजपा विधायक रिषिकेश पटेल के कार्यालय में हुई तोडफोड़ के मामले में दो दो साल के साधारण कारावास की सजा सुनायी। हालांकि अदालत ने बाद में तीनों को सर्शत जमानत भी दे दी। 23 जुलाई 2015 को हुई इस घटना के कुल 17 नामजद दोषियों में से 14 अन्य को अदालत ने बरी कर दिया। अदालत ने तीनों को 50 - 50 हजार रूपये के जुर्माने की भी सजा सुनायी और इस रकम में से दस हजार रूपये शिकायतकर्ता और एक समाचार चैनल के कैमरामैन सुरेश वणोल (जिन पर भी भीड़ ने हमला कर कैमरा तोड़ दिया था)को देने के आदेश दिये। इसके अलावा इस रकम से घटना के दौरान आगजनी में जली कार के मालिक बाबूजी ठाकोर को एक लाख रूपये और 40 हजार रुपये तत्कालीन विधायक श्री पटेल को भी बतौर मुआवजा देने के आदेश दिये। ज्ञातव्य है कि उक्त रैली के दौरान भीड़ ने श्री पटेल के कार्यालय में तोड़फोड़ की थी और आगजनी कर एक कार को भी जला दिया था। अदालत ने तीनों को केवल दंगा करने यानी रायटिंग की धारा के तहत ही दोषी ठहराया है, कई अन्य धाराओं में बरी कर दिया है।

भारत महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में बदल रहा है-मोदी

कंपाला, युगांडा, 25 जुलाई। 'मेक इन इंडिया' तेजी से भारत की पहचान बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को युगांडा की राजधानी कंपाला में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विनिर्माण और स्टार्ट-अप का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब अफ्रीका में स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाले लोग भारत में निर्मित उत्पादों को खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि कारों, स्मार्ट फोन सहित 'भारत में निर्मित' कई उत्पाद इस समय उन देशों में निर्यात हो रहे हैं जहां से कभी भारत अपने इस्तेमाल के लिए आयात करता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने इस्पताल का उपयोग कर रेल पटरियों, मेट्रो ट्रेन के डिब्बे बना रहा है तथा उपग्रहों का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोरिया की प्रमुख मोबाइल निर्माता कंपनी सैमसंग ने हाल ही में दिल्ली से सटे नोएडा में दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण संयंत्र खोला है। गत चार वर्षों में भारत में 11,000 स्टार्ट- अप पंजीकृत हुए हैं और भारत स्टार्ट-अप एक केंद्र बन रहा है।

स्विस बैंक में भारतीयों के जमा पर गलत आंकड़ा दे रही सरकार-कांग्रेस

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि कालेधन को लेकर सरकार उसी आंकड़े को पेश करती है जो उसके अनुकूल होता है और स्विस बैंक में जमा भारतीयों की राशि में 34 फीसदी की कमी आने संबंधी आंकड़ा भी उसकी इसी सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस प्रवक्ता राजीव गौड़ा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्विस बैंक में जमा भारतीयों की राशि के कम होने के जिस आंकड़े का हवाला सरकार दे रही है वह गलत है। यह आंकड़ा स्विस बैंक का नहीं है। बैंक जो आंकडा दे रहा है सरकार उसको छिपा रही है और उसकी जगह ऐसा आंकड़ा पेश किया जा रहा है जो उसके अनुकूल है। उन्होंने कहा कि स्विस बैंक में भारतीयों की जमा राशि 34 फीसदी कम होने संबंधी आंकड़ा स्विस बैंक का नहीं है बल्कि बीआईएस नामक एक संस्था का है। इस संस्था के सदस्य दुनिया के कई देशों के रिजर्व बैंक है। संस्था के आकंडे में कहा गया है कि स्विस बैंक में भारतीयों की जमा राशि में कमी आयी है।

लखनऊ में शिक्षामित्रों ने सिर मुंडवाकर किया प्रदर्शन

लखनऊ, 25 जुलाई। सहायक अध्यापक पद पर समायोजन रद्द होने के बाद प्रदेश भर से आए सैकड़ों शिक्षामित्रों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सिर मुंडवाकर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। शिक्षामित्रों ने आरोप लगाया कि समायोजन रद्द होने के बाद राज्य सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। ईको गार्डन पार्क में प्रदर्शन कर रहे शिक्षामित्रों ने मुंडन करा कर विरोध किया है। मुंडन कराने वालों में महिला शिक्षामित्र भी शामिल थी। प्रदेश सरकार ने पिछले साल उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद गत वर्ष 25 जुलाई का शिक्षामित्रों का सहायक अध्यापक के पद पर समायोजन किये जाने के फैसले को रद्द कर दिया था। शिक्षामित्रों ने राज्य तथा केंद्र की सरकार पर उनकी अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

मोदी, राहुल, निर्मला के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन के नोटिस अध्यक्ष के विचाराधीन

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। लोकसभाध्यक्ष सुमित्रा महाजन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के अलग-अलग नोटिस मिले हैं जो उनके विचाराधीन हैं। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा में आज प्रश्नकाल के तुरंत बाद कहा कि वह नियम 220 के तहत मामला उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन को गुमराह करने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। इसके तुरंत बाद उनकी पार्टी के श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पर राफेल सौदे के करार को लेकर गलतबयानी करने का आरोप लगाते हुये विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने की बात कही। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि ये

नोटिस उनके पास विचाराधीन हैं और वह जल्द ही उन पर उचित निर्णय लेंगी। संसदीय कार्य मंत्री अनंत कुमार ने आपत्ति व्यक्त की कि सत्ता पक्ष की ओर से नोटिस पर बोलने के लिए एक सदस्य को ही अनुमति दी है, पर उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला है। जबकि विपक्ष की ओर से दो नोटिस पर दो सदस्यों को बोलने की अनुमति दी गयी। इस पर श्रीमती महाजन ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सदस्यों की ओर से पोंच नोटिस प्रधानमंत्री के विरुद्ध और पाँच नोटिस रक्षा मंत्री के विरुद्ध दिये गये हैं जिनमें से उन्होंने एक-एक नोटिस पर बोलने की अनुमति दी है जबकि सत्ता पक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गाँधी के विरुद्ध चार नोटिस प्राप्त हुए हैं। इसलिए उन्होंने एक नोटिस पर बोलने के लिए श्री अनुराग ठाकुर को अनुमति दी है। इस प्रकार से कुल तीन नोटिसों पर अनुमति दी गयी है।

पुलिस की कड़ी मेहनत से प्रदेश की छवि बदली- योगी

लखनऊ, 25 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पुलिस की कड़ी मेहनत से प्रदेश की छवि बदली है। श्री योगी ने बुधवार को यहां आरक्षी पुलिस प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ करते हुये कहा कि पुलिस की कड़ी मेहनत से प्रदेश की छवि बदली है। उन्होंने कहा कि इमानदारी और की गयी कड़ी मेहनत से जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता साफ होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कानून-व्यवस्था एक बड़ा मुद्दा था। कानून-व्यवस्था में सुधार होने से ही निवेशक राज्य में निवेश के लिए आ रहे हैं। निवेश आने से प्रदेश में बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को जड़ता का शिकार नहीं होना चाहिए। समय के साथ बदलाव करते रहना चाहिए। आज अपराध की प्रवृत्ति और तकनीक बदली है ऐसे में पुसिल को भी अपनी कार्यशैली में बदलाव करना होगा।

सभी नागरिकों की सुरक्षा सरकार का दायित्य

लखनऊ, 25 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार राज्य के सभी लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। श्री योगी ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि सरकार सभी लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति, हर समुदाय और हर धर्म की जिम्मेदारी है कि वे एक -दूसरे की भावनाओं का सम्मान करे।

सार संक्षिप्त

तरही शेरी नशिस्त 28 को

नजीबाबाद। बज्म-ए-जिगर नजीबाबाद की जानिब से एक तरही शेरी नशिस्त 'बहुत चराग जलाये थे रोशनी के लिये' 28 जुलाई को बाद नमाज ईशा नगर के मौहल्ला रमपुरा में शायर मौसूफ अहमद वासिफ के आवास पर मुनक्किद की जायेगी। तरही शेरी नशिस्त में साहिब-ए-खाना की जानिब से तीन अवार्ड देने का ऐलान किया गया है। जिसमें बेहतरीन गजल के लिये, बेहतरीन गिरोह के लिये व बेहतरीन तरन्नुम के लिये शौरा हजरात को नवाजा जाएगा। तरही शेरी नशिस्त में नजीबाबाद के अलावा नगीना, बिजनौर, किरतपुर के शौरा हजरात शिरकत करेंगे। यह जानकारी कन्वीनर शादाब जफर शादाब ने दी।

तालाब की भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग

नजीबाबाद। समीपवर्ती ग्राम कल्हेड़ी निवासी मसूद, मारिया, इकरार आदि के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा से मुलाकात की। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि कल्हेड़ी के खसरा नम्बर-119 व 0120 में तालाब की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की नीयत से उसमें चारा बो दिया गया। एसडीएम को ग्राम प्रधान द्वारा तालाब की भूमि पर कब्जा करने के संबंध में लिखा गया पत्र भी दिखाया। एसडीएम ने इस मामले में तुरंत क्षेत्रीय लेखपाल को जांच कर तालाब को अवैध कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये। ग्राम दरियापुर निवासी राखी शर्मा व बाला देवी ने एसडीएम से भेंट कर शासन की गांव-गांव व घर-घर बिजली पहुंचाने की योजना के बावजूद उनके गांव दरियापुर में विद्युतीकरण न होने की जानकारी दी। उन्होंने दरियापुर में शीघ्र विद्युतीकरण कराकर बिजली व्यवस्था सुचारू करने की मांग की। नगर के मौहल्ला मजीदगंज निवासी कुसुम देवी ने दयालपुर-शाहपुर में उसकी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

ब्लॉक अध्यक्ष बने गुलशेर

अफजलगढ़। शाह अल्वी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव (यूथ) नौशाद अल्वी की संस्तुति पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कय्यूम अल्वी ने क्षेत्र के ग्राम अनवरपुर चंडिका निवासी युवा समाजसेवी गुलशेर अल्वी को एसोसिएशन का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है और उनसे एसोसिएशन के हितार्थ कार्य करने की अपेक्षा है। अपने मनोनयन से उत्साहित गुलशेर अल्वी ने अल्वी बिरादरी के हित में एसोसिएशन को मजबूत करने का पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया।

वर्धमान कॉलेज में रिक्त हैं सीटें

बिजनौर। वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत एमएस-सी (पूर्वार्द्ध) रसायनशास्त्र एवं जन्तु विज्ञान में विश्वविद्यालय तथा प्रबंधकीय व्यवस्था के अंतर्गत व नियमित कक्षाओं में एमएस-सी (पूर्वार्द्ध) गणित और भौतिकशास्त्र में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसिलिंग के पश्चात कुछ सीटें रिक्त हैं। सभी वर्ग के इच्छुक प्रवेशार्थी प्रवेश परीक्षा में प्राप्त रैंक पत्र की छायाप्रति तथा समस्त प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियों सहित अपने प्रार्थना-पत्र 28 जुलाई तक संबंधित विभाग में जमा कर दें। प्रवेश समिति के प्रभारी डा. राजीव जौहरी ने यह जानकारी दी है।

देवांश ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में पाया तीसरा स्थान

नजीबाबाद। आदर्शनगर निवासी ख्रीस्त जयंती स्कूल बड़िया में शिक्षा ग्रहण करने वाले एक छात्र देवांश पुत्र सौरभ प्रेमी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा पांच की परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र की सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्र के नवोदय विद्यालय की परीक्षा में स्थान प्राप्त करने पर उसके दोस्तों ने उसे बधाई दी है। साथ ही परिजनों ने हर्ष जताया है तथा शिक्षकों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विवेक सोनी बने भाजयुमो के प. क्षेत्र के महामंत्री



धामपुर। स्थानीय शीला टाकीज रोड निवासी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत के पूर्व प्रदेश मंत्री विवेक राज सोनी को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चे के पश्चिम क्षेत्र के महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया हैं, जिससे स्थानीय भाजपा कार्यकार्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। विवेक राज सोनी के मनोनयन पर उन्हें युवा भाजपा नेता राघव शरण गोयल, रवि चौधरी, राजू गुप्ता, पुरूषोत्तम अग्रवाल, निखिल छाबड़ा सन्नी, नितिन कुमार अग्रवाल एडवोकेट आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पॉलीथीन का प्रयोग करने का आह्वान

बिजनौर। चेतना सेवा संस्थान कार्यालय में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बुद्धिजीवी एवं युवा वर्ग ने अपनी सहभागिता प्रस्तुत कर, इस विषय पर अपने विचारों का आदान प्रदान किया। सभी ने एक मत से पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु पॉलीथीन त्यागने का आह्वान किया। तत्पश्चात रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैण्ड बिजनौर पर लोगों को दूषित पर्यावरण से होने वाले परिणामों की जानकारी दी गयी। डा. राजीव विश्नोई ने अपने विचार रखते हुए बताया कि पॉलीथीन जहां लोगों को जिंदगी का हिस्सा बन गई है। वहीं ये लोगों की जिंदगी के लिए घातक भी बनती जा रही है। रोज सैकड़ों टन पॉलीथीन लोग यूज करते हैं और इसे फैंक देते हैं, जिसका सही से निपटारा नहीं होता और न ही इसके डिस्पोजल करने की सही व्यवस्था है। आजकल फेक्ट्रियों से निकलने वाला धुंआ एवं हानिकारक गैसे पर्यावरण को दूषित कर रही हैं। मुख्य अतिथि राम सिंह विश्नोई ने दूषित पर्यारण से होने वाली समस्याओं की जानकारी दी। पर्यावरण स्वच्छ रखने हेतु संस्था अध्यक्ष बाबू सिंह विश्नोई ने सभी पदाधिकारियों से अपने आसपास सफाई एवं पॉलीथीन का उपयोग न करने हेतु लोगों में भी जागरुकता पैदा करने का आह्वान किया। इस अभियान में संस्था के पदाधिकारियों के साथ-साथ सुषमा विश्नोई, सुनिता देवी, उमेश शर्मा, योगेन्द्र सिंह गहलौत, परवेन्द्र चौहान, सौरभ विश्नोई, महेन्द्र सिंह पाड़ियाल, भनू प्रताप सिंह, हर्षित कुमार, राजीव कुमार, अंकित, नीरज कुमार,पियुष कुमार, दीपक, भूपेन्द्र सिंह, अनुज कुमार, मुनेश कुमार विश्नोई आदि ने सहयोग दिया।

धांधली की शिकायत पर जांच के लिए गांव पहुंची टीम

स्योहारा। ग्राम पंचायत मुकरपुरी के ग्रामीणों पप्पू सिंह, राजकुमार, नौबहार सिंह, दिलावर सिंह, सुशील कुमार,भोपाल सिंह, शीशराम सिंह, जशपाल सिंह, सौरव, चंद्रमणि, धर्मेन्द्र कुमार, चंद्रपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती-पत्र भेजकर ग्राम प्रधान उजमा परवीन पर गांव में कराए गए विकास कार्यों में धांधली करने का आरोप लगाया था। गांव में सीसी रोड, शौचालय निर्माण मानक के अनुरूप न बनवाने, राशन कार्ड न बनवाने, अपने चहेतों को पट्टे आवंटित कराने व शौचालय निर्माण में पात्र लोगों से दो दो हजार रुपये लेने आदि की शिकायतें की गईं थीं। जिलाधिकारी अटल कुमार राय के आदेश पर जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह ने गांव में जाकर भौतिक सत्यापन किया। जांच टीम के सामने ही ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में धांधली के आरोप लगाए। अनेक मामले धन लेकर शौचालय बनवाने के भी सामने आए। गांव के ही कमल कुमार पुत्र बलवीर सिह, भोपाल सिह पुत्र जालम सिंह, चंद्रपाल व राजवीर सिंह पुत्रगण रामसिंह ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने उनसे शौचालय वनवाने के नाम पर दो-दो हजार रुपये लिये हैं। साथ ही बलवीर सिंह ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा प्रधान को दो हजार रुपये न देने के कारण उनका शौचालय नहीं बन पाया। उधर जांच के लिए गांव पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह ने बताया भौतिक जांच कर ली गयी है, जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी। बताया गया है कि गांव में 306 शौचालय बनवाने के लिए 32 लाख 64 हजार रुपये शासन से मिले थे।

संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए पंचायत सचिव

स्योहारा। ग्राम मुकरपुरी में जांच करने पहुंचे जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह द्वारा पंचायत सचिव इरफान से आरोपों के बारे में पूछने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। जांच अधिकारी द्वारा गाव में कितने शौचालय बनाने के सवाल पर पंचायत सचिव ने 306 शौचालय बनवाने का दावा किया। जबकि मौके पर कई शौचालय अधूरे व कुछ शौचालयों में उपले भरे हुए पाये गये। जांच अधिकारी द्वारा शौचालयों पर खर्च किये गये पैसों का हिसाब मांगने पर भी पंचायत सचिव कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये।

कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन

नजीबाबाद। पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के तत्वावधान मे गाजियाबाद के होटल रेडबैरी में एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जिसमे पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सेल की कोऑर्डिनेटर रुचिरा चतुर्वेदी ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की नीतियां सोशल मीडिया के जरिये लोगों तक ज्यादा से ज्यादा कैसे पहुंचाया जाये इस संबंध में बताया। सेल के कोऑर्डिनेटर अयाज खान ने हर बूथ को मजबूत करने व चलो गांव की ओर लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत से कार्य करने की सभी से अपील की। वर्कशाप में मुख्य रुप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश शर्मा, नसीब पठान रहे। वर्कशाप में जनपद बिजनौर से नजीबाबद विधानसभा प्रभारी अभिनव अग्रवाल एड., अनिल वर्मा, नीलिमा वर्मा आदि शामिल रहे। वर्कशाप का आयोजन पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के कोऑर्डिनेटर आसिफ सैफी द्वारा किया गया।

नजीबाबाद की युवती मुंबई में फिल्म निर्देशन में कमा रही नाम

नजीबाबाद। नजीबाबाद में प्रतिभाओं की कमी नहीं। युवकों के साथ युवतियां भी किसी भी क्षेत्र में अब युवकों से पीछे नहीं रह गई है। नजीबाबाद की एक युवती मुम्बई में फिल्म निर्देशक बनकर नगर का नाम रोशन कर रही है। नगर के चौक बाजार निवासी मुकेश मेडिकल स्टोर स्वामी की पुत्री वैशाली कश्यप पिछले करीब दो साल से मुम्बई में ही रह रही है। वैशाली कश्यप ने फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश किया है। वैशाली अब तक अस्सिटेंट डायरेक्टर के तौर पर चार हिंदी, भोजपुरी फिल्मों का निर्देशन किया है। इन फिल्मों में दीवाना पन, लल्लूराम, संगम रिश्तों का व चतुरनाथ फिल्में शामिल है। उसने जन्नत है यहां व हम है रंगीले आदि फिल्मों का भी निर्देशन किया है। इसके साथ ही भारतीय खेलों पर आधारित एक गीत भी निर्देशित किया है।

मनचलों ने छात्राओं की नाक में दम किया

हल्दौर। मनचलों ने छात्राओं का स्कूलों में आना-जाना दुश्वार कर रखा है। अभिभावकों ने स्कूलों के खुलने और बन्द होने के समय पुलिस तैनात करने की मांग करते हुए शीघ्र समस्या का समाधान न होने पर अपनी बेटियों को स्कूल छुड़ाकर घर बैठाने की चेतावनी दी है । उधर स्कूल प्रशासन का कहना है कि पुलिस को बार-बार सूचना देने पर भी उक्त मनचलों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की जा रही है। नगर स्थित सी डी इंटर कालेज,आर एच् एस इंटर कालेज व आर पी एस डिग्री कालेज के नजदीक स्कूल खुलने व बन्द होने के समय मनचलों की बाढ़ सी आ जाती है। उक्त मनचले आती जाती छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसते हुए उनका रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं। बेखौफ मनचलों के हौसले इतने बुलन्द है कि छात्राओं के साथ आये परिजनों अथवा साथियों द्वारा छेड़छाड़ का विरोध करने पर ये उनसे मारपीट पर उतारु हो जाते हैं। स्कूलों के प्रधानाचार्यो ने बताया कि स्कूलों की छुट्टी के वक्त कालेजों के आसपास बहारी युवकों का जमावड़ा लग जाता है । उक्त युवकों को रोकने पर ये शिक्षकों व स्कूल कर्मियों से अभद्रता पर उतर आते हैं। इसलिये स्कूल के बहार इन युवकों को रोक सकना स्कूल प्रशासन के बूते के बहार है। पुलिस को इस सम्बंध में कई बार अवगत कराया जा चुका है किंतु मनचलों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने से इनके हौसले बुलंद हैं। उधर अभिभावकों नरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, राजकुमार शर्मा, देवेंद्र सिंह, मनोज गुप्ता, मदन वर्मा, जितेंद्र सिंह आदि का कहना है यदि शीघ्र पुलिस प्रशासन द्वारा इन मनचलों पर रोक नहीं लगाई गई तो उन्हें मजबूरन अपनी बेटीयों को पढ़ाई छुड़ाकर घर बैठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अभिभावकों ने स्कूलों के खुलने व बन्द होने के समय पुलिस तैनात करने की मांग की है।

प्रकरण में समझौता होने पर भाकियू ने आंदोलन का निर्णय वापस लिया

अफजलगढ़। प्रभारी निरीक्षक की मध्यस्थता के चलते बैंक अधिकारियों तथा भाकियू पदाधिकारियों के बीच समझौता वार्ता के बाद गांव रसूलाबाद निवासी मृतक किसान विक्टर की मौत के मामले का पटाक्षेप हो गया।

थाना परिसर में आयोजित द्विपक्षीय समझौता वार्ता के दौरान मृतक बलबीर सिंह पर बकाया ऋण चार लाख 28 हजार रूपये के स्थान पर ब्याज सहित एक लाख 78 हजार रूपये की छूट करते हुए दो लाख 50 हजार रुपये जमा किये जाने पर बैंक अधिकारियों द्वारा सहमति जताये जाने के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया। जिसके चलते भाकियू द्वारा प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन का निर्णय वापस ले लिया गया। विदित हो कि सन् 2012 में ग्राम रसूलाबाद निवासी बलवीर सिंह ने पीएनबी से 3 लाख रुपये का कर्ज लिया था। परन्तु कुछ समय बाद ही बलवीर सिंह की मृत्यु हो गयी और धीर-धीरे वह कर्ज चार लाख 28 हजार हो गया। जिसे वसूलने के लिए बैंक के कर्मचारी लगातार मृतक बलवीर के पुत्रों संजय और विक्टर पर दबाव बना रहे थे, जिससे आहत हो विक्टर ने 10 जुलाई को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। समझौता वार्ता के दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह सोलंकी के अलावा पीएनबी के मुख्य प्रबंधक सतपाल सिंह खोसला, मैनेजर सीबी राव, भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष दर्शन सिंह फौजी, मुख्तयार सिंह, सरजा सिंह, जगदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष मलकीत सिंह, चौधरी बलजीत सिंह, शिवनारायण सिंह, संजय, यतेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं को बांटी नि:शुल्क यूनिफॉर्म

चीनी मिल, नजीबाबाद। क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुर (लुकादड़ी) स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को शासन की ओर से यूनिफॉर्म के दो-दो सैट नि:शुल्क वितरित किये। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरफराज अहमद की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान मौअज्जम परवीन, पूर्व बीडीसी सदस्य इंतेजार अहमद व शफीक की उपस्थिति में 124 बालिकाओं व 14 एसएससी वर्ग व 14 बी पीएल वर्ग के बालकों को यूनिफॉर्म के दो-दो सैट दिये गये। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मौअज्जम परवीन ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन स्वच्छ यूनिफॉर्म में स्कूल भेजे तथा जिन अभिभावकों ने अभी तक अपने बच्चों का स्कूल में पंजीकरण नहीं कराया वह शीघ्र पंजीकरण करायें। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ ने ग्राम प्रधान से विद्यालय के उच्चीकरण के लिए सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षकों में कुसुम त्यागी, द्रोपदी रानी, अनुराय, अनुदेशक नीलम, श्रद्धा, पवन आर्य सहित रसोई माताएं भी उपस्थित रहीं।

इमरान ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टॉप किया

किरतपुर। रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर का परीक्षाफल एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित किया गया। बीबीए अन्तिम वर्ष में इमरान ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ कालेज टॉप किया जबकि हीबा अली ने 67 प्रतिशत व फैजान अंसारी ने 65 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमश: दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीबीए द्वितीय वर्ष में अलमास फातिमा ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, संजोली रस्तोगी ने 72.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आतिफ रहीम ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया । बीबीए प्रथम वर्ष में शानिया नाज ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, सरवोत्तम सिंह ने 69.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व मौ. शाहजेब ने 69.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। शत-प्रतिशत परीक्षाफल हेतु विभागाध्यक्षा प्रियंका चौधरी, मनदीप चिकारा, फरहीन,चंद्रपाल व मधुर अग्रवाल का योगदान रहा। इस उपलब्धि हेतु प्राचार्य डा. डबलेश कुमार व चीफप्राक्टर रवीश कुमार ने छात्र- छात्राओं की हौसला अफजाई की एवं भविष्य में और भी अच्छे परिणाम की अपेक्षा की।

रोटरी क्लब ने स्टेडियम में किया वृक्षारोपण

बिजनौर। नेहरु स्टेडियम, बिजनौर में रोटरी क्लब इन्डस्ट्रीयल एरिया द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिगत वृक्षारोपण किया गया। अशोक एवं फाइकस के 100 पौधों को स्टेडियम में विभिन्न स्थानों पर लगाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अध्यक्ष रो. डा. ध्यान सिंह ने मुख्य अतिथि राकेश कुमार यादव एवं जयवीर सिंह उप क्रीड़ाधिकारी का स्वागत किया। क्लब अध्यक्ष रो. राकेश रस्तौगी ने मुख्य अतिथि के साथ वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात रो. डा. एके अग्रवाल, रो. रजनीश अग्रवाल, रो. डा. राहुल कुमार, रो. वीके गुप्ता, रो. डा. नवीन जैन, रो. डा. योगेन्द्र त्यागी, रो. प्रवीन कुमार आदि ने एक-एक वृक्ष लगाया। क्लब सचिव नागेन्द्र सारस्वत ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टेडियम में मॉर्निंग वॉक करने वाले राकेश कुमार, डा. अजहर, मुजफ्फर ज़ैदी, डा. वीरेन्द्र कुमार, डा. वीके त्यागी, श्रीमती चित्रा चौहान कोच, अजीत सिंह भाटी, पुष्पेन्द्र आदि भी उपस्थित रहे।

शराब ठेका हटाने के लिए प्रेस क्लब ने ज्ञापन दिया

बिजनौर। प्रेस क्लब बिजनौर ने डीएम को ज्ञापन देकर शराब का ठेका हटाने की मांग की। शराब के ठेके के कारण शांति भंग की आशंका को देखते हुए एसडीएम सदर और जिला आबकारी अधिकारी को जांच के आदेश दिये हैं।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री ज्योतिलाल शर्मा द्वारा डीएम को दिये गये ज्ञापन में अवगत कराया है कि एजाज अली हॉल पार्क के पास नगर पालिका की दुकान में देशी शराब का ठेका आंवटित किया गया है, जिसके पास विभिन्न समाचार पत्रों व न्यूज चैनलों के कार्यालय के अलावा धार्मिक स्थल भी हैं। शहर के व्यवस्तम मार्ग पर खोली गयी देशी शराब की दुकान पर दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। दुकान के सामने से छात्राओं का भी आन जाना लगा रहता है, जिससे लगातार अप्रिय घटना की संभावना बनी हुई है। बुधवार को नगर पालिका परिषद बिजनौर के चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी ने भी उक्त दुकान के आसपास फैली गन्दगी पर नाराजगी व्यक्त की। डीएम श्री राय ने एसडीएम सदर, सीओ सिटी और जिला आबकारी अधिकारी की एक संयुक्त टीम का गठन किया है। टीम मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसके आधार पर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

सफाई निरीक्षक ने पॉलीथिन के प्रयोग पर सब्जी विक्रेता को हड़काया

नजीबाबाद। नगरपालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने पॉलीथिन का प्रयोग करने से मना करने के बाद भी पिछले तीन दिन से लगातार पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले एक सब्जी विक्रेता को जमकर हड़का दिया। नगरपालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक शमशाद अहमद एसडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा के आदेश पर नगर में पॉलीथिन प्रतिबंध का पालन कराने के लिए दुकानों पर पॉलीथिन की चैकिंग कर रहे है। पिछले तीन दिन से नगर के मौहल्ला पठानपुरा में सब्जी की दुकान करने वाले एक व्यापारी को वह पॉलीथिन का प्रयोग करते देख रहे है। खाद्य निरीक्षक उसे रोज दुकान पर पॉलीथिन का प्रयोग न करने की हिदायत दे रहे थे। तीसरे दिन भी एक ग्राहक को पॉलीथिन में सब्जी देते हुए देखकर खाद्य निरीक्षक को गुस्सा आ गया तथा उन्होंने दुकानदार को जमकर हड़काया। साथ ही आगे से पॉलीथिन का प्रयोग बंद न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

खराब वस्तुओं से सजावटी सामान बनाना सिखाया

बिजनौर। विवेक कालेज बिजनौर में बीटीसी व होमसाइंस विभाग में बुधवार को आर्ट एण्ड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें घर में मौजूद खराब वस्तुओं से सजावटी व उपयोगी सामान जैसे डेकोरेटिव फ्लावर बेस, विभिन्न तरह के फ्लावर, लटकन, गमले बनाना आदि छात्र-छात्राओं को सिखाया गया। विवेक कालेज के होमसाइंस एवं बीटीसी के शिक्षकों द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आज के समय में वातावरण को दूषित कर रहे सामान को किसी ना किसी रूप में उपयोग में लाये जाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला का आयोजन निधि शुक्ला तथा निशा दत्ता की देखरेख में किया गया।

ग्रामीणों ने विरोधस्वरूप नहीं जुड़ने दिया टूटा हुआ तार

तार टूटने से हो गई थी तीन पशुओं की मौत एसडीओ ने समझा-बुझाकर तार जुड़वाया

नांगल सोती। मंगलवार की सुबह एचटी लाइन का तार टूटकर गिरने से एक पशुपालक के तीन कीमती पशुओं की मृत्यु हो जाने के कारण विरोध में ग्रामीणों ने उक्त जर्जर एचटी लाइन का टूटा तार नहीं जुड़ने दिया, जिससे कई गांवों की विद्युतापूर्ति मंगलवार से ही बंद पड़ी हुई थी। बुधवार की दोपहर एसडीओ ने आश्वासन देकर तार जुड़वाया।

ज्ञातव्य है कि मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े9 बजे क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में सीताराम के घर में एचटी लाइन का तार टूटकर गिर गया था, जिससे फैले करंट ने सीताराम की दो गाभिन गायों व एक गाभिन भैंस की जान ले ली थी तथा एक बछड़ा गम्भीर रूप से झुलस गया था। ग्रामीणों सीताराम, ग्राम प्रधान चतर सिंह, धर्मवीर, कलवा, धर्मेन्द्र, विजेन्द्र, देवेन्द्र आदि का कहना था कि उक्त एचटी लाइन काफी जर्जर है, जिसके तार अक्सर टूटते रहते हैं जिससे ग्रामीणों की जान को अक्सर खतरा रहता है। ग्रामीणों ने मृत पशुओं के मुआवजे की मांग को लेकर मंगलवार से 11 हजार वोल्ट्स की लाइन का टूटा तार नहीं जुड़ने दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती से उक्त जर्जर विद्युत लाइन को हटाया जाए, क्योंकि यह ग्रामीणों व उनके पशुओं की जान के लिए खतरा बनी हुई है। मंगलवार की शाम एसडीओ विकास कुमार भी गांव में पहुंचे थे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया था, मगर गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे व लाइन को गांव से हटाने की मांग करते हुए तार को जुड़ने नहीं दिया था। तार न जुड़ने से जालपुर फीडर से जुड़े कोटसराय, काशीरामपुर, जालपुर, शेरपुर अभि, रसूलपुर सैद आदि गांवों की विद्युतापूर्ति ठप्प पड़ी थी।

बुधवार की दोपहर फिर एसडीओ विकास कुमार गांव में पहुंचे तथा ग्रामीणों से वार्ता की। एसडीओ ने तीन अतिरिक्त पोल लगवाने एचटी लाइन की गार्डिंग कराने,जल्दी मुआवजना दिलाने व लाइन शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया, तब ग्रामीणों ने 2 बजे तार जुड़ने दिया।

कृभकों ने दिये प्रत्येक सहकारी समिति को 5-5 फलदार पेड़

बिजनौर। कृभकों द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुरूप वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की सभी 96 किसान सहकारी समितियों के प्रांगण में फलदार पौधे लगाने हेतु प्रत्येक सहकारी समिति को 5-5 फलदार पेड़(दो पेड़ आम, एक अमरूद, एक जामुन, 1 आंवला) वितरित किये गये। किसान सेवा सहकारी समिति फरीदपुर भोगी के प्रांगण में जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा, सहायक आयुक्त एवं जिला सहायक निबंधक अमित त्यागी तथा क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको मुरादाबाद हरेन्द्र कुमार व अनिल कुमार सिंह सहायक प्रबंधक कृभको बिजनौर के द्वारा सहकारी समिति सचिव/प्रबंध निदेशक को पेड़ उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर व.क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको मुरादाबाद गजेन्द्र कुमार ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वृक्षों को देव तुल्य तथा नि:स्वार्थ सेवा करने वाला बताया। उन्होंने पेड़ों का पालन के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता पर ध्यान देने का अनुरोध किया। जिला कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि एक वृक्ष अपने जीवन में 10 लाख रूपये मूल्य की आक्सीजन वायु मण्डल में छोड़ता है जो कि जीव को अपना जीवन चक्र पूर्ण करने के लिए आवश्यक है। जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां जनपद बिजनौर अमित त्यागी ने इस अवसर पर सभी सचिव/प्रबंध निदेशकों से कहा कि समिति प्रांगण में स्थान का अभाव होने पर अपने घर पर पौधे लगा लें, परन्तु देखभाल बहुत जरूरी है तथा आज वितरित किये गये पौधों की प्रगति के बारे में उन्हें आवश्य अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा हर मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाने चाहिए।

वृक्षारोपण कर देखभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी

इस अवसर पर समिति प्रांगण में जिला सहकारी निबंधक द्वारा आम के पेड़ लगाया गया व देखभाल की जिम्मेदारी समिति स्टाफ को दी। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया व व्यवस्था की देखभाल हरेन्द्र कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर जनपद की 4 तहसील की समितियों के 110 कर्मचारियों ने भाग लिया।

सार संक्षिप्त

विदुषी पाठक ने 73.6 प्रतिशत अंकों के साथ पाया प्रथम स्थान

बिजनौर। कृष्णा कालेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोमेशन टेक्नॉलोजी बिजनौर के बीएससी (होमसाइंस) प्रथम वर्ष का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा शालिनी शर्मा ने बताया कि बीएससी (होमसाइंस) प्रथम वर्ष की छात्रा विदुषी पाठक ने परीक्षा में 73.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शबेनूर अंसारी ने 71.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व इकरा परवीन ने 64.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार एवं कालेज प्राचार्या डा.सीमा शर्मा व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पॉलीथीन का प्रयोग न करने व अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान

बिजनौर। नेहरू युवा केन्द्र बिजनौर के तत्वावधान में डीवीएम कालेज नगीना में ब्लाक पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संजीव कुमार जिला युवा समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र बिजनौर तथा अमित गुप्ता प्रबंधक डीवीएम कालेज नगीना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अमित गुप्ता ने अपने संबोधन में युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा सभी को पॉलीथीन का उपयोग न करने की सलाह दी। पंकज कुमार स्वयंसेवक ने युवाओं को पौधों का मानव जीवन में योगदान के बारे में बताया। उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने को कहा तथा उन्हें बचाकर संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा समन्वयक संजीव कुमार ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन के द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देने के साथ सभी को स्वच्छ भारत मिशन में योगदान देने की अपील की।'स्वच्छ भारत समर इन्टर्नशिप' के अंतर्गत इन्टर्नशिप कर रहे सचिन कुमार ने सभी युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अमित कुमार, पंकज कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, सचिन कुमार तथा धर्मेन्द्र सिंह आदि स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

महिलाओं का आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

चांदपुर। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की शाखा ओजस्वनी की बैठक में महिलाओं को संगठन से जुड़ कर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। ग्राम मुढाल स्थित दिशु पब्लिक स्कूल में रेखा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेरठ प्रान्त की प्रान्त अध्यक्ष ओजस्वनी स्वाति चौहान एडवोकेट ने दो टूक कहा कि महिलाओं का उत्पीड़न व शोषण किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने तथा अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे ओजस्वनी से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाये तथा साथ ही पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए सभी महिलाएं एक-एक पौधा अवश्य लगायें तथा अपने परिवार की भांति ही पौधे की भी देखभाल करें। बैठक में शीतल, शिवानी, लवी, रूबी, प्रियंका, प्राची, काजल, योगिता, विनीता, आंचल सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। संचालन प्रियंका ने किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर प्रान्त अध्यक्ष स्वाति चौहान एडवोकेट को महिलाओं ने फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया।

निशुल्क यूनिफार्म का वितरण किया

किरतपुर। मॉडल प्राथमिक विद्यालय किरतपुर प्रथम में बेसिक शिक्षा अधिकारी महेश चंद नगर अध्यक्ष भाजपा संजय चौहान एवं नगर महामंत्री गौरव पाराशर द्वारा निशुल्क यूनिफार्म का वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित नौबहार सिंह प्रांतीय संगठन मंत्री वी बी टी सी शिक्षक संगठन भवन अरशद जमाली जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ द्वारा विद्यालय के भौतिक प्रवेश में आए सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रधानाध्यापक मोहम्मद सईद की प्रशंसा की गई। प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि उनके विद्यालय में छात्र संख्या 94 से बढ़कर 180 हो गई है जो अभिभावकों के उन पर विश्वास को सिद्ध करती है। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार ने अपनी ओर से कक्षा एक के 40 छात्रों को दो-दो पुस्तकें भेंट की और आह्वान किया कि पढ़ लिखकर देश के बेहतरीन नागरिक बनें। बी एस ए ने विद्यालय अनुशासन एवं रख-

रखाव की प्रशंसा करते हुए सरकारी योजनाओं के सफल बनाने पर ज़ोर दिया। भाजपा के नगर अध्यक्ष व महामंत्री ने अपनी ओर से सदैव सहयोग का वादा किया। पूर्व प्रधानाध्यापक जफर उल हक को उनके योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार व संचालन गुलशन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर रिटायर्ड शिक्षक अब्दुल रहमान, रियाजुद्दीन, अजहर जमाल, आदेशपाल, मुकुल कुमार, संजय राणा ,सुनील शर्मा ,ऋषि पाल ,फरहा हसन, नईम फातमा आदि मौजूद रहे।

सैनी समाज के मेधावी 19 अगस्त को सम्मानित होंगे

बिजनौर। महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी वैलफेयर सोसायटी बिजनौर के तत्वावधान में 19 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। बुधवार को मौ. भरत बिहार में आयोजित सोसायटी की बैठक में अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी ने कहा कि समाज के विकास के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना जरुरी है। उन्होंने सैनी समाज के लोगों से बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने के साथ सामाजिक एवं राजनैतिक गतिविधियों पर नजर रखने का आह्वान किया। बैठक में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 19 अगस्त को शहनाई बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किये जाने की रूपरेखा पर चर्चा की गयी।

वक्ताओं ने सम्मान समारोह का प्रचार-प्रसार करने, समाज के मेधावी बच्चों को सूचना देने की रुपरेखा बनाने को कहा। बैठक में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, हायर एजूकेशन, तकनीकी शिक्षा, मेडिकल, सिविल सर्विस में शानदार प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावियों को 19 अगस्त को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह की तैयारी में जुट जाने का सोसायटी सदस्यों से आग्रह किया।

सोसायटी के संरक्षक मा. राजपाल सैनी ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नायब सिंह सैनी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि चांदपुर क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, खतौली विधायक विक्रम सिंह सैनी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.प्रमोद सैनी, प्रो. डा. अनिल सैनी, प्रो. डा. शालिनी सैनी (उत्तराखण्ड) होंगे। बैठक की अध्यक्षता कल्याण सिंह सैनी ने की तथा संचालन देवेन्द्र सैनी ने किया। बैठक में डा. शिवराज सैनी, अमर सिंह सैनी, शिव कुमार सैनी, नरेश सैनी, सुरेश सैनी, ब्रहमपाल सिंह, ऋषिपाल सैनी, लेखपाल सैनी, मा. इन्द्रपाल सैनी, पवन सैनी, भूपेन्द्र सैनी एवं अंकित कुमार सैनी मौजूद रहे।

जलमग्न हुआ शहर

किरतपुर। सुबह पड़ी धुंआधार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया तथा नगरवासियों ने पड़ रही सड़ी गर्मी से राहत महसूस की। बुधवार सुबह से ही तेज बारिश शुरू हो गयी जो लगातार दोपहर तक चलती रही। भारी वर्षा से जैन चौराहा, मण्डावर रोड, स्टेशन रोड आदि अनेक स्थानों पर पानी भर गया लेकिन मौसम ठंडा हो गया। बच्चों और युवाओं ने बारिश का खूब आनन्द लिया।

चार दिवसीय लीग हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन

बिजनौर। ऑफिसियल स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में चार दिवसीय लीग हॉकी प्रतियोगिता का बुधवार को नेहरू स्टेडियम बिजनौर में उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन उप जिलाक्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी वीके त्यागी, महेश कुमार विश्नोई, विकल महर्षि, विकास कुमार अग्रवाल, शकील अहमद, सुरेन्द्र, मद्दसर जैदी, अभिनव वाल्टर, विनीत कुमार, विजय कुमार, अनमोल सक्सेना तथा हॉकी कोच चित्रा चौहान आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बिजनौर की 6 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच बिजनौर किंग व बिजनौर वैम्पायर टीमों के बीच खेला गया।

जांच में राशन डीलर पर लगाये आरोप निराधार निकले

हीमपुर दीपा। खाद्य एवं रसद विभाग चांदपुर के पूर्ति निरीक्षक योगेश कुमार ने रतनपुर खुर्द गांव पहुंचकर राशन डीलर पर लगाये आरोपों की जांच की। जांच में सभी आरोप निराधार बताये गये। ब्लाक जलीलपुर क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव के कसान सिंह , बीनू कुमार, मंजू गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, सरोज देवी, हर्षिता देवी आदि बाइस शिकायतकर्ताओं के हस्ताक्षर युक्त एक शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी अटल कुमार राय को दिया गया था। जिसमें कई गंभीर आरोप राशन डीलर पर लगाये गये थे। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपों की जांच कराये जाने के लिए पूर्ति विभाग चांदपुर को निर्देशित किया था।

बुधवार को पूर्ति निरीक्षक चांदपुर योगेश कुमार पूरी जांच टीम के साथ रतनपुर खुर्द गांव के प्राथमिक विद्यालय हीमपुर दीपा प्रथम पर पहुंचे। जांच टीम ने सभी शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलवाकर बारीकी से जांच की। इस दौरान कुछ अपात्र लोगों के नाम भी प्रकाश में आये हैं। पूर्ति निरीक्षक योगेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिकतर शिकायतें निराधार पायीं गयी हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अपात्र परिवारों को विभागयीय नोटिस जारी कराकर खाद्यान्न का बीस गुना रिकवरी वसूल की जायेगी। इसी कारण अब शिकायतकर्ताओं में हड़कम्प मचा हुआ है।

इस अवसर पर कसान सिंह, राहुल सिंह, रविपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, राम सिंह, महावीर सिंह, घसीटा खां, अमरपाल सिंह, संदीप कुमार, बीरेश, उदल कश्यप, सतीश चन्द, रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

लायनेस क्लब ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

बिजनौर। लायनेस क्लब बिजनौर की ओर से लगाये गये स्वास्थ्य जांच शिविर में अनेक लोगों के हृदय, मतिष्क तथा कैल्शियम की जांच की गयी तथा स्वास्थ्य रहने के लिए उचित परामर्श दिया गया। शिविर का आयोजन गायत्री नर्सिंग होम के पूर्वाहन 11 बजे से शाम 6 बजे तक हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्लब की सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं तथा पुरूषों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी। शिविर में नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल से आये जनरल फिजिशियन डा. नागेन्द्र व उनकी टीम ने लोगों के हृदय, मस्तिष्क व कैल्शियम की जांच की तथा आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. नीता सिंह का विशेष सहयोग रहा। लायनेस क्लब बिजनौर की अध्यक्ष मनु श्री के अथक प्रयास से आयोजित शिविर में क्लब सचिव मंजू सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवेशिका, चेयरपर्सन अरूणा मित्तल, आशा अग्रवाल, विनीता रघुवंशी, कमलेश चौहान, रेखा अग्रवाल, कविता, प्रीति, रूपा खन्ना, ललिता वर्मा, अंजू वशिष्ठ, यशोदा सिंह, सुचित्रा चौहान, मुकेश चौधरी, रेणु सिंघल, रेखा अग्रवाल, कल्पना विश्नोई तथा सुरेखा सिंघल ने मुख्य रूप से अपना सहयोग दिया। क्लब की अध्यक्ष तथा सदस्यों ने डा. नागेन्द्र तथा उनकी टीम एवं डा. नीता सिंह का आभार व्यक्त किया।

बुधवार को भी मुंह मोड़ गये बदरा

नांगल सोती। बुधवार को सुबह सवेरे फिर बादल आए और बरसना शुरू भी हुए, मगर बदरा मामूली बारिश करके ही मुंह मोड़ गये। हल्की बारिश होने व बादलों के छाए रहने से लोगों को भीषण गर्मी से तो काफी राहत मिली, मगर ये मामूली बारिश न ही प्यासी धरती को संतृप्त कर सकी और न ही गर्मी से बेहाल लोगों के मन को। बादल पूरे दिन ही छाए रहे।

ज्ञातव्य है कि जुलाई के महीने में 3 व 4 तारीख को क्षेत्र में कुछ अच्छी बारिश हुई थी, जिससे लोगों के साथ-साथ पशु-पक्षियों व फसलों को भी काफी राहत मिली थी। मगर उसके बाद क्षेत्र में नगण्य बारिश हुई, जिससे किसानों व अन्य सभी लोगों को काफी निराशा हुई। इस बीच उमसभरी भयंकर गर्मी ने लोगों की हालत खराब की। पिछले दिनों बादल आए तो खूब, बादल धरती से मिल-मिलकर गये,मगर बदरा ज्यादातर बैरंग ही लौटते रहे। यदि बदरा बरसे भी, तो बस मामूली बूंदाबांदी ही की और फिर लोगों को निराश कर वापस लौट गये। बुधवार को सुबह सवेरे भी आसमान में काले-काले बदरा छाये और लोगों के मन

मामूली बूंदाबांदी से किसानों में निराशा

में राहत की बारिश की उम्मीद जगाई। सवेरे तक मामूली बूंदाबांदी ही होती रही। बाद में कुछ तेज बूंदाबांदी भी हुई, मगर बारिश बहुत हल्की ही रही। हल्की सी बारिश के बाद बदरा एक बार पुन: मुंह मोड़ गये। हल्की-हल्की बूंदाबांदी रुक-रुककर बाद में भी होती रही। मगर बदरा एक बार भी खुलकर नहीं बरसे। हालांकि हल्की बारिश होने व बादलों के छाए रहने से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी,मगर न ही धरती की प्यास पूरी तरह बुझ सकी थी और न ही लम्बे समय से भीषण गर्मी से बेहाल लोगों के मन संतृप्त हुए थे। हालांकि बादल बुधवार को दिन भर छाए रहे, शाम के समय भी बादल छाए हुए थे, लोग एक जोरदार बारिश होने की दुआ मांग रहे थे।

बच्चों को कापी-पेन बांटे गये

चांदपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसीत वि. क्षेत्र जलीलपुर में मसीत लिट्रेसी फाउण्डेशन ऑफ इंडिया की ओर से बच्चों को कापियां व पेन आदि वितरित किये गये। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक रिजवान अख्तर ट्रस्ट के अध्यक्ष मौ. अमजद मौ. दिलशाद, आबिद हसन, मौ. शाकिर, मारूफ आजम, मौ. अकरम, अतीम अहमद, बुराहनुद्दीन, मौ. अरशद आदि मौजूद थे। संचालन मौ. अमजद ने किया।

बल्ब हटाओ एलईडी लगाओ का आह्वान

कालागढ़। जिला बिजनौर के कालागढ़ में सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से बल्ब हटाओ एलईडी बल्ब लगाओ अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों को बताया गया कि बिजली किस तरह से बचाई जा सकती है। बिजली बचाओ अभियान में कालागढ़ के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने भागीदारी की।

सामाजिक कार्यकर्ता सिराजुद्दीन अंसारी ने लोगों को बिजली के महत्त्व के बारे में बताते हुए कहा कि बिजली बचेगी तभी तो जलेगी अगर बचेगी नहीं तो जलेगी कैसे? वहीं सुरेश बंसल ने कहा हम आज 21वीं सदी में प्रवेश कर चुंके हैं और तकनीक रूप से आज एक से बढ़ कर एक बहतरीन इलैक्ट्रानिक सामान बाजार में आ रहे हैं। जैसे पहले एक बल्ब को जलाने में 100 वॉट बिजली की खपत होती थी जबकि आज एलइडी बल्ब आ रहे हैं जो 5 वॉट की बिजली खपत करते हैं और बहतरीन

रोशनी देते हैं। नितिन अग्रवाल ने कहा कि आज भी हमारे बहुत से घरों में पुराने मॉडल के पंखे लगे जो अधिक बिजली का सेवन करते हैं। उनके बदले हमें घरों में कम उर्जा खपत वाले पंखे लगाने चाहिए। अनिल राजौरा, इदरीश, रियासत ने कहा कि आज हम अपनी जरूरत से ज्यादा बिजली को फिजूल में खर्च करते हैं जबकि थोड़ी जागरूकता से बिजली को बचाया जा सकता हैं। उदाहरण देते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम अक्सर पंखा, बल्ब और टीवी खुला छोड़ देते हैं अगर उनको समय से बंद कर दिया जाए तो बहुत नहीं तो कुछ बिजली को तो बचाया ही जा सकता है। वहाजुद्दीन ने कहा कि अगर हम ऐसा करेंगे तो इसका असर हमारे बिलों पर भी पड़ेगा और कुछ पैसों की जरूर लाभ हमारे घरों को मिलेगा, साथ ही लाइन लॉस से भी बचाव होगा। जागरुकता अभियान में शामिल होने वाले लोग दीनू बंसल, रियासत हुसैन, संजय, गोपाल, रियाजुद्दीन, अशोक कुमार, आसिफ, वसीम, बिट्टू चौहान सहित तमाम लोगों ने भागीदारी की।

विवेकानंद महाविद्यालय, दरबाड़ा-चांदपुर

जिला बिजनौर उ.प्र. 246725 फोन 9368341036

(सम्बद्ध एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली)

एम.एस.सी. रसायन विज्ञान एवं गणित विषय में सत्र 2018-19 में प्रबंधकीय सीटों पर प्रवेश हेतु

एम.एस.सी. रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों में प्रवेश लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जो एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की एम.एस.सी. प्रवेश परीक्षा 2018 में सम्मिलित हुए हों वे काउंसलिंग के पश्चात रिक्त सीटों पर प्रबंधकीय कोटे के अंतर्गत सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्र, एम.एस.सी. प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र, परीक्षा रिजल्ट, आई.डी. की छायाप्रति व दो फोटो लगाकर दिनांक 31.07.2018 तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश विश्वविद्यालय नियमानुसार होगा।- (फीस में विशेष छूट)

सचिव 9412515292

प्राचार्य 9368341036

सम्पादकीय

गुरुवार 26 जुलाई 2018

योजनाओं का कड़ुवा सच

अब यह लगातार साफ होता जा रहा है कि 'अच्छे दिन' किनके लिए थे। महाभारत में एक प्रसंग आता है, जिसमें पूछा गया है कि गाय किसकी है, उत्तर में कहा गया कि गाय चारा उगाने वाले ग्वाले और दूध बेचने वाले की नहीं है क्योंकि वे तो ग्राहक को दूध पिलाने का काम करते हैं। गाय का असल मालिक वह है जो दूध पीता है। हमें देखना चाहिए कि एनडीए सरकार की आर्थिक नीतियों से उत्पादित हुआ 'दूध' आखिर पिया किसने है। यह विश्लेषण बहुराष्ट्रीय कंपनियों, घरेलू तथा बड़ी कंपनियों के संदर्भ में विशेष रूप से जरूरी है। जीएसटी इनके लिए लाभप्रद है क्योंकि पूरे देश में माल भेजना आसान हो गया है। यह नौकरशाही के लिए भी लाभप्रद है क्योंकि ज्यादा संख्या में करदाताओं से 'घूस' वसूलने का अवसर इन्हें उपलब्ध हो गया है। ई वे बिल व्यवस्था लागू होती है, तो भी, इनकी बल्ले बल्ले! मगर असंगठित क्षेत्र के लिए जीएसटी हानिप्रद है क्योंकि बड़ी कंपनियों के लिए पूरे देश में माल भेजे जाने से इस क्षेत्र को राज्य को सरहद के जरिए मिल रहा संरक्षण समाप्त हो गया है। फैजाबाद के जुलाहों को अब तिरुअनंतपुर के पावरलूम से सीधी टक्कर लेनी होगी। जीएसटी से छोटे कारोबारियो को टैक्स के दायरे में आना पड़ा है, जिससे इनका मार्जिन घटा है।

बहुराष्ट्रीय और बड़ी भारतीय कंपनियों पर नोटबंदी का भी कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि इनका अधिकतर लेन देन बैंकों के माध्यम से था। बैंकों की नौकरशाही के लिए नोटबंदी बरदान सिद्ध हुई है। नोट बदल कर इन्होंने खूब कमाई की। असंगठित क्षेत्र के लिए यह हानिप्रद रही है क्योंकि दो माह तक नगदी की कमी से इनके ग्राहक टूट गये। कई धंधे सदा के लिए बंद हो गये हैं। मेक इन इंडिया से मूलत: भारतीय कंपनियों को नुकसान है क्योंकि ये बहुराष्ट्रीय कंपनियों की जूनियर पार्टनर बनने पर मजबूर होती है। नौकरशाही को मेक इन इंडिया से कोई लाभ हानि नहीं है। असंगठित क्षेत्र के लिए 'मेक इन इंडिया' हानिप्रद है क्योंकि बड़ी कम्पनियों द्वारा इनके बाजार पर कब्जा किया जा रहा है। जैसे मेकडॉनल्ड तथा बर्गर किंग ने ढाबे का धंधा ले लिया है। स्टार्ट अप इंडिया से बहुराष्ट्रीय और भारतीय बड़ी कंपनियों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। इस योजना से ये बाहर है, मगर नौकरशाही के लिए यह लाभप्रद है क्योंकि लेन देन में अफसरों को प्राय: मोटा कमीशन मिलता है। असंगठित क्षेत्र के लिए यह योजना फायर फाइटिंग जैसी है।

वर्ष 2015 की तुलना में साल 2016 में स्टार्टअप उद्यमों में 67 प्रतिशत की गिरावट आई थी। यह क्रम कुछ सुधरा जरूर है, पर अभी भी हालात पहले जैसे हैं। स्टार्टअप इंडिया से असंगठित क्षेत्र का दर्द कुछ कम जरुर हुआ है। स्किल इंडिया का बहुराष्ट्रीय और भारतीय बड़ी कंपनियों के साथ साथ असंगठित क्षेत्र पर भी प्रभाव शून्य है क्योंकि जो स्किल दी जा रही है, वह अनुपयुक्त है। नौकरशाही के लिए यह योजना लाभप्रद है क्योंकि इसे फर्जी एनजीओ आदि को घूस के बदले ग्रांट देने का अवसर मिला है। डिजिटल इंडिया तथा आधार के बहुराष्ट्रीय हौवे का भी भारतीय बड़ी कंपनियों पर प्रभाव शून्य है क्योंकि ये पहले से ही डिजिटल थीं। नौकरशाही के लिए यह हानिप्रद है क्योंकि इन योजनाओं के माध्यम से डायरेक्ट बेनिफिट आसानी से मिल रहा है। असंगठित क्षेत्र के लिए ये योजनाएं ट्रांसफर करने से इन्हें आसानी से रकम मिल रही है, लेकिन इस क्षेत्र के लिए धंधा करना ही कठिन हो गया है। इस प्रकार से योजनाएं छोटे व्यापारों को बंद कराकर इन्हें सरकारी अनुदान पर आश्रित बना रही है।

जनधन योजना बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए निष्प्रभावी है जबकि भारतीय बड़ी कंपनियों के लिए लाभप्रद है। कारण यह कि लगभग 30 हजार करोड़ की रकम आम आदमी ने बैंकों में जमा कराई है, जो अब सस्ते कर्ज के रुप में बडी देसी कंपनियों को मिल रही है। नौकरशाही के लिए यह निष्प्रभावी हैं। आम आदमी के लिए यह हानिप्रद है क्योंकि बचत खाते में उसकी रकम पर केवल चार प्रतिशत की सालाना दर से ब्याज मिल रहा है जबकि अपने धंधे के लिए वह साहूकार से रकम 24 प्रतिशत की वार्षिक दर से उधार ले रहा है। मुद्रा योजना का बहुराष्ट्रीय व घरेलू बड़ी कंपनियों पर कोई प्रभाव नहीं है। नौकरशाही के लिए यह लाभप्रद है क्योंकि लोन देने का अवसर मिलता है। असंगठित क्षेत्र पर इस योजना का भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कुल ऋण में छोटे कारोबारियों का हिस्सा 2015 में 13.3 प्रतिशत से घटकर 2017 में 12.6 प्रतिशत रह गया है।

समग्र आकंलन यह है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए जीएसटी तथा मेक इन इंडिया लाभप्रद साबित हुए है, घरेलू बडी कंपनियों के लिए जीएसटी व जनधन लाभप्रद है पर मेक इन इंडिया हानिप्रद है। कुल मिलाकर इन पर प्रभाव शून्य माना जा सकता है। नौकरशाही के लिए स्किल इंडिया, स्टार्टअप तथा मुद्रा योजना लाभप्रद है जबकि डिजिटल इंडिया हानिप्रद है। असंगठित क्षेत्र के लिए जीएसटी, नोटबंदी, मेक इन इंडिया तथा जनधन हानिप्रद है। डिजिटल इंडिया में डाइरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से इन्हें मामूली लाभ है। अंतिम आंकलन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों और नौकरशाही को लाभ है। असंगठित क्षेत्र अपना दूध इन्हें पीने के लिए दे रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि एनडीए सरकार ने बुनियादी संरचना और प्रशासन में अभूतपूर्व सुधार किया है, जिससे आगे चलकर विकास दर बढ़ सकती है पर महाभारत में राजा की तुलना कपड़े की मशक से की गई है, जिसकी एक भी सिलाई खुल जाए तो पानी टिकता नहीं।

सरकार को अपनी आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए अन्यथा अच्छे दिनों का अंत भी इंडिया शाइनिंग जैसा हो सकता है। पिछले दिनों बैंक हड़ताल के समय उनके कुछ नेताओं का दावा था कि एनपीए न केवल लगातार बढ़ रहा है बल्कि इस चुनावी वर्ष में आठ लाख करोड़ का आंकड़ा भी पार कर सकता है। उनका यह भी आरोप है कि सौ में चैहत्तर पैसे किन कारपोरेट घरानों को दिये गये हैं, उनके नाम भी सरकार नहीं बताया चाहती। जले पर नमक यह है कि इस खुली लूट के लिए सिर्फ कुछ बैंक अधिकारियों को जिम्मेदार बताया जा रहा है, जबकि बिना ऊपरी इशारों के वे ऐसा कर ही नहीं सकते। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बैंकों के सर्वोच्च पदों पर नियुक्तियां अधिकतर सरकार ही करती है। ऐसे में जब एनपीए लगातार बढ़ रहा हो तो कुछ विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे कुछ हजार करोड़ के भगोड़ों की चर्चा असल मुद्दे को टालने की अधिक लगती है। इसी तरह, भ्रष्टाचार के कई अन्य प्रमुख मामलों में कोई कार्यवाही न होना विपक्ष को सरकार पर उंगली उठाने का अवसर दे रहा है। सच तो यह है कि मोदी सरकार को प्रारम्भ से ही भ्रष्टाचार के कई आरोपों से गुजरना पड़ा है। मध्य प्रदेश का व्यापम घोटाला हो या राजस्थान की मुख्यमंत्री विजय रानी सिंधिया और सुषमा स्वराज आदि पर लगे आरोप हो कभी किसी मामले में सरकार या पार्टी ने कोई कदम नहीं उठाया। भ्रष्टाचार आज भी नौकरशाही की सबसे बड़ी समस्या है और सरकार जो भी दावा करे, तमाम तकनीकी बदलाव के बावजूद यह आज भी जारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस चुनावी वर्ष में जनता के हित में कड़े फैसले लेने के साथ-साथ केन्द्र सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जमीनी अभियान चलायेगी।

पाकिस्तान में किसी भी पार्टी को बहुमत मिलने की संभावना नहीं

-सुभाष आनंद

पाकिस्तान के निर्माण के 70 वर्ष पश्चात अबकी बार जो चुनाव होने जा रहे हैं, उसमें युवा पीढ़ी उभरकर सामने आने लगी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पार्टी की कमान नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पंजाब के मुख्यमंत्री शहबाज हुसैन के हाथों में है, जबकि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की कमान स्व. बेनजीर भुट्टों के पुत्र बलावल भुट्टों के हाथों में सौंपी गई है। इस बार पाकिस्तान में रोचक चुनाव होने जा रहे हैं। पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आईएसआई और पास्तिानी सेना गुप्त रूप से इमरान की पार्टी तहरीके इंसाफ पर बड़ा दांव खेलने के लिए विभिन्न प्रकार के षडयंत्र रच रही है। पाकिस्तान के कई पत्रकारों ने मांग की है कि पाकिस्तान में चुनाव यूएनओ की निगरानी में होने चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। पाकिस्तान में सुरक्षित चुनाव कराने हेतु राज्यों की पुलिस के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सेना की सहातया भी ली जाएगी।

पाकिस्तान में 30 वर्ष में 12 प्रधानमंत्री बने, जिनमें 9 प्रधानमंत्री दो दलों के हुए थे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के पांच। सन् 1990 में पाकिस्तान मुस्लिम लीग से अलग होकर नवाज शरीफ ने अपनी पार्टी बनाई थी। तभी से नवाज शरीफ इसके अध्यक्ष थे, परंतु पनामा लीग घोटाले में फंसने के पश्चात उनको पार्टी के सदर पद से अलग कर दिया गया। अब पाकिस्तान मुस्लिम लीग की कमान उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ के हाथों में आ गई है। 2007 में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की चेयरमैन बेनजीर की हत्या के पश्चात पार्टी की कमान उनके पति आसिफ जरदारी के हाथों में आई थी। 2008 के चुनावों में पार्टी के अपार सफलता मिली, 2013 के चुनावों मे पार्टी को पराजय का मुहं देखना पड़ा, उसके पश्चात पार्टी की कमान बलावल भुट्टो के हाथों में आई। क्रिकेट से राजनीति में प्रवेश करने वाले इमरान खान ने 2013 के चुनावों में उनकी पार्टी को पराजय का मुंह देखना पड़ा, उसके पश्चात पार्टी की कमान बलावल भुट्टों के हाथों में आई। क्रिकेट से राजनीति मे प्रवेश करने वाले इमरान खान ने 2013 के चुनावों में बुरी तरह हारने के पश्चात चुनावों में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के आरोप लगाकर एक बड़ा आंदोलन छेड़ा था, जिसमें पाकिस्तान के धर्मगुरु कादरी ने भी इमरान का सहयोग किया था। इमरान खान की पार्टी तहरीक ए इंसाफ भी इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी है। इस पार्टी का गठन 1996 में किया गया था और इमरान खान ने कई मुसीबतों के पश्चात राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बनाई है।

पाकिस्तान में 30 वर्ष में 12 प्रधानमंत्री बने, जिनमें 9 प्रधानमंत्री दो दलों के हुए थे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के पांच। सन् 1990 में पाकिस्तान मुस्लिम लीग से अलग होकर नवाज शरीफ ने अपनी पार्टी बनाई थी। तभी से नवाज शरीफ इसके अध्यक्ष थे, परंतु पनामा लीग घोटाले में फंसने के पश्चात उनको पार्टी के सदर पद से अलग कर दिया गया।

पाकिस्तान का इतिहास साक्षी है कि पाकिस्तान के 70 वर्षों में 35 वर्षों तक तानाशाही शासकों का शासन रहा। पाकिस्तान के एक समाचार-पत्र ने लिखा है कि पाकिस्तान की यह दूसरी लोकतांत्रिक सरकार है, जिसने अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। पाकिस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की हत्या 1951 में की गई और 1951 से 1957 तक 6 प्रधानमंत्रियों को गद्दी छोड़ने पर मजबूर किया गया। 1958 में जनरल अय्यूब खान से सत्ता संभाली। सन् 1969 में जनरल याहिया अय्यूब खान को हटाकर खुद पाकिस्तान के सदर बन बैठे। 1977 में प्रधानमंत्री स्व. जुल्फिकार भुट्टो को हटाकर जनरल जिया-उल-हक ने सैनिक शासन स्थापित किया। जुल्फिकार अली भुट्टों को 1979 में फांसी के फंदे पर लटकाकर मृत्यु दंड दिया गया। सन् 1986 में जुल्फिकार अली भुट्टो की पुत्री बेनजीर भुट्टो ने लंदन से वापस आकर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की कमान अपने हाथों में संभाली। इसी बीच जनरल जिया-उल हक की हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सन् 1988 के आम चुनावों में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को अपार सफलता मिली। बेनजीर प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुई, परंतु पाकिस्तान के राष्ट्रपति इशाक खान ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर उनको चलता किर दिया। सन् 1990 में नवाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री बने, 1993 के आम चुनावों में वे पुन: देश के प्रधानमंत्री बने,परतुं सेना के दबाव में उन्होंने प्रधानमंत्री पद से त्याग पत्र दे दिया। सन् 1997 में पाकिस्तान में कुछ रोचक घटनाएं हुईं। नवाज शरीफ देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। सन् 1999 में बेनजीर भुट्टो और उनके पति आसिफ जरदारी को भ्रष्टाचार के मामलों में सजा सुनाई गई, लेकिन विदेश में होने के कारण वे गिरफ्तारी से बच गए। सन् 1999 में पाकिस्तान में राजनीति ने फिर करवट ली, कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की बुरी तरह पराजय को लेकर पाकिस्तानी सेना के अध्यक्ष जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्ता पलट दिया। सन् 2002 के जनमत संग्रह में जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं के आर्मी चीफ पद पर अपना कब्जा कर लिया। सन् 2007 के आम चुनावों में धुआंधार प्रचार करती हुई बेनजीर भुट्टो मौत का शिकार हुईं। रावलपिंडी में एक रैली को संबोधित करते हुए बेनजीर भुट्टो की हत्या कर दी गई। सहानुभूति लहर का समर्थन मिलने के कारण पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी पुन: सत्ता में आई। सन् 2008 में पाकिस्तान मुस्लिम लीग और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी में गठबंधन हुआ और युसूफ रजा गिलानी को देश का प्रधानमंत्री घोषित किया गया, परंतु जनरल परवेज मुर्शरफ क साथ साठगांठ के कारण उन्हें प्रधानमंत्री पद से त्याग देना पड़ा। सन् 2013 में नवाज शरीफ पाकिस्तान के चौथी बार प्रधानमंत्री नियुक्त किए गये, परंतु पनामा घोटाले के मामलों में जुलाई 2017 को उनको प्रधानमंत्री पद से त्याग-पत्र देना पड़ा और पार्टी के वरिष्ठ नेता खकान अब्बासी देश के 22 वें प्रधानमंत्री बने।

फलस्तीन ने कहा अमेरिका की शांति योजना में कोई दम नहीं

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन के राजदूत रियाद मंसौर का कहना है कि ट्रंप प्रशासन की इस्त्राइल - फलस्तीन शांति योजना में कोई दम नहीं है।मंसौर ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा छह दिसंबर को यरुशलम को इस्त्राइल की राजधानी मान लिये जाने के बाद अमेरिका ने राजनीतिक प्रक्रिया की निगरानी करने वाले एकमात्र पक्ष होने का अपना अधिकार खो दिया। जहां तक अमेरिकी शांति योजना की बात है, मंसौर का कहना है कि फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और अन्य फलस्तीनी नेताओं ने स्पष्ट संकेत दिया है कि हम ऐसी किसी योजना को स्वीकार नहीं करेंगे जिसमें बातचीत से पहले ही निर्णय हो चुका है। मंसौर ने कहा कि दशकों पुराने इस्त्राइल - फलस्तीन संघर्ष को समाप्त करने के लिए फलस्तीन समेकित प्रयास चाहता है।

ट्रंप की आलोचना करने वाले छह अधिकारियों की सुरक्षा हटाने पर विचार

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए उनकी नीतियों के कटु आलोचक रहे छह पूर्व शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों को दी गई सुरक्षा हटाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। इन अधिकारियों में सीआईए के पूर्व निदेशक जॉन ब्रेनन, एफबीआई के पूर्व निदेशक जेम्स कोमे, राष्ट्रीय खुफिया विभाग के पूर्व निदेशक जेम्स क्लैपर, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के पूर्व निदेशक माइकल हेडन, संयुक्त राष्ट्र में पूर्व राजदूत और पूर्व राष्ट्र सुरक्षा सलाहकार सुजैन राइस और एफबीआई के पूर्व उप निदेशक एंड्रयू मैक्काबे शामिल हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव सारा सैंडर्स ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा राष्ट्रपति सुरक्षा मंजूरी हटाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं क्योंकि वे राजनीतिक टीका - टिप्पणी करते हैं और कई बार अपनी जन सेवा और सुरक्षा मंजूरी का वित्तीय फायदा उठाते हैं। सैंडर्स ने कहा राष्ट्रपति के खिलाफ रूस के साथ गलत संबंधों या रूस से प्रभावित होने का निराधार आरोप लगाना बेहद अनुचित है। बात यह है कि जिन लोगों को सुरक्षा मिली हुई है वे ये निराधार आरोप लगा रहे हैं।

मुबंई हमले के गुनहगार डेविड हेडली पर अमेरिका में जानलेवा हमला

वाशिंगटन। मुंबई में 26/11 को हुए आंतकी हमले का दोषी पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली पर जेल के अंदर कथित रूप से कैदियों ने हमला कर दिया है. जानकारी के मुताबिक हमले के बाद हेडली की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है. वह फिलहाल आईसीयू में भर्ती हैं. हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने उस पर हमले से इनकार कर दिया है. बताया जा रहा है कि हेडली पर जेल में बंद दो कैदियों ने हमला कर दिया था. हेडली पर हमला करने वाले दोनों लोग हेडली के सगे भाई हैं. ये दोनों कई वर्ष पहले पुलिसकर्मियों पर हमला किए जाने के जुर्म में सजा काट रहे हैं. खबर के मुताबिक हमले में हेडली को गंभीर चोटें आईं जिसके बाद उसे नॉर्थ एवेस्टन हॉस्पीटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया. मुंबई में हुए 26/11 हमलों की साजिश रचने के आरोप में हेडली शिकागो की फेडरल जेल में 35 साल की सजा काट रहा है।

ईरान के साथ 'सही समझौता' करने के लिए तैयार है अमेरिका- ट्रंप

वाशिंगटन। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमरीका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसके साथ 'सही समझौता' करने के लिए तैयार है। उनकी यह टिप्पणी उस वक्त आयी है जब कुछ दिन पहले उन्होंने अमेरिका को धमकाने के लिए ईरान को ऐतिहासिक परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। ट्रंप ने ओबामा प्रशासन के दौरान 2015 में हुए ईरान परमाणु समझौते से अमेरिका को मई में अलग कर लिया था। उन्होंने इसे अब तक का बेहद खराब समझौता बताया था। ट्रंप ने विदेशों में युद्धों में भाग लेने वाले सैनिकों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनका प्रशासन ईरान के साथ फिर से बातचीत करने के लिए तैयार है।

उत्तर कोरिया मिसाइल अड्डे कर रहा नष्ट, सैटेलाइट तस्वीरों से हुई पुष्टि

प्योंगप्यांग। सिंगापुर में 12 जून को अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से हुई ऐतिहासिक मुलाकात में किए वायदे को पूरा करते हुए उत्तर कोरिया ने बैलेस्टिक मिसाइलों का इंजन तैयार करने वाले प्रतिष्ठान को नष्ट करना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों ने सोहाई रॉकेट लांचिंग स्टेशन की सैटेलाइट तस्वीरों की जांच-पड़ताल के बाद इस बात की पुष्टि की है। अमरीका और उत्तर कोरिया के बीच हुए समझौते के बाद परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में यह पहला ठोस प्रयास है। सोहाई उपग्रह प्रक्षेपण स्टेशन 2012 से ही उत्तर कोरिया के लिए महत्वपूर्ण उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र रहा है। वाशिंगटन के स्टिम्सन सैंटर से जुड़ी अमरीकी वेबसाइट '38 नॉर्थ' ने 20 और 22 जुलाई को ली गई तस्वीरें प्रकाशित की हैं। यह वेबसाइट मुख्य रूप से उत्तर कोरिया पर नजर रखती है। सेटेलाइट तस्वीरों में रेल-माउंटेड प्रोसेसिंग बिल्डिंग और रॉकेट इंजन

टेस्ट स्टैंड ध्वस्त होते दिख रहा है। प्रोसेसिंग बिल्डिंग में लॉन्चिंग से पहले रॉकेट के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ा जाता है। इस इमारत की छत और सहायक संरचनाएं हटाई गई हैं, जिनके टुकड़े जमीन पर पड़े दिख रहे हैं।उत्तर कोरिया ने 2012 के बाद से अपने ज्यादातर रॉकेट सोहाई स्टेशन से ही लांच किए हैं।

बांध टूटने से लाओस में हुई 19 लोगों की मौत

बैंकॉक। दक्षिण-पूर्व एशिया स्थित देश लाओस में एक निर्माणाधीन पनबिजली बांध के टूट जाने से 19 लोगों की मौत हो गई है और तीन हजार से अधिक लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। दक्षिण कोरिया ने बचाव कार्यों में मदद के लिए एक आपात राहत टीम भेजी है। यह पुल सोमवार शाम को टूट गया था। कई लोगों के मरने और सैकड़ों लोग लापता होने की रिपोर्ट थी। अंग्रेजी समाचार पत्र वियतनाम टाइम्स ने बुधवार को अधिकारियों के हवाले से बताया कि तीन हजार से अधिक लोग

बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं जबकि दो हजार 851 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। बांध बनाने वाली दक्षिण कोरियाई कंपनी एस के इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन ने दावा है कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण यह हादसा हुआ है। उसने कहा कि रविवार को बांध में दरार देखे जाने के बाद 12 गांवों को तत्काल खाली करने का आदेश दे दिया गया था। इस बीच व्यापक स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाये जा रहे हैं।

जग का मुजरा

न चाय वारा भागा, न भूकंप आया

● स्वामी बिजनौरी

कमाल हो गया, न चाय वारा उठ कै भागा, न भूकंप आया, न ही तूफान आया, न बादल फटे, रात 11 बजे सारा मामला ठंडा पड़ गया। सारा गणित धरा रह गया, बड़े-बड़े धुरंधर गरजे, शब्दों की तोपें ठंडी हो गईं, बड़े-बड़े तोपशाह गरजे, नामदार तो फड़क गए, लेकिन हुआ क्या, सारी दुनिया ने देख लिया।

दि ग्रेट नामदार साहब ने इस देश कू गले से लगा लिया, पहले भड़क रिये थे, कभी अंग्रेजी में, कभी हिंदी में अपनी भड़ास निकाल रिये थे, अपने नयनों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे थे, एक आंख दबाकर नजाने किससे नैन मटक्का कर रिये थे। हरकत पकड़ी गई, सारी दुनिया ने देख लिया। कोऊ बता रिया था, गुजरे पल याद आ गए और आंखों से बखान कर बैठे, कोऊ बता रिया था- कोऊ पुराने गुजरे पलों का चेहरा नजर आ गया और आंख चल निकली। आंखों पर कोऊ-जोर नाय रहा उनका। कुल मिलाकर सारी दुनिया ने जान लिया- जनाब राहुल बाबा अब पुरने पप्पू टाइप के नाय रिये, अब तो एक झटके में ऊ चाय वारे कू उठाय के देने कू तैयार हैं। कौली भरकर उठा लेंगे और दरबार के बाहर सड़क पर छोड़कर आयेंगे। क्या कमाल कर रहे हैं जवाब राहुल साहब किस अदा से फरमा रहे हैं- चाय वारे से हिंदू बनने के गुण सीख रहा था। मियां धर्म सब अच्छे हैं, जिसे आप मानते हैं वो सबसे अच्छा। हिंदू धर्म तो एक विचार प्रवाह है, जो सतत चलता रहता है। जो इस विचारधारा कू माने वो हिंदू है। हिंदू तालिबान नाय है, न ही कभी हो सकता है, लेकिन आपकी पाल्टी के कुछ नवरतन हिंदू तालिबान का नया दर्शन बना रहे हैं। हिंदू के विषय में आपको उनसे अच्छा ज्ञान कोऊ नाय दे सकता। चाय वारे बाबा आपकू कोऊ ज्ञान नाय दे सकते।

ज्ञानी तो आप हैं, ज्ञान का साक्षात अवतार हैंगे, ऊ चय वारा बाबा अपने कू देश का चौकीदार बताया करै था, आपने उसकू भागीदार बता डाला। यह स्पष्ट नाय किया कि वो चाय वारा नीरव मोदी का पार्टनर है या विजय माल्या का, फ्रांस से हो रहे सौदों का तो भागीदार नाय है? जरा सा खुलकर देश कू बता ही दीजिए- ऊ चाय वारा किस-किस काम में पार्टनर है? क्या चिंदबरम साहब और माननीया कनिमोझी की कंपनियों में भी ऊ चाय वारे की भागेदारी रही? क्या नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बिल्डरों में भी ऊ चाय वारे की भागीदारी रही? जरा खुलकर खुलासा कीजिए। वैसे आप तो खुलासा कला मर्मज्ञ पाल्टी के सदर हैं। लोगों तो बक-बक करने की आदत है- आप यूं कह रहे हैं, आपकू क्यूं कह रहे हैं, आप ऐसा कर रहे हैं, आप वैसा कर रहे हैं। आप किसी की चिंता न करें, आपसे अनुरोध है, आपकू बेमतलब की सलाह है-ऊ चाय वारे की कुर्सी पकड़ने से पहले शादी कर लीजिए। पत्नी-पति का भाग्य मिलकर ही चलता है। एक से दो हो जायेंगे तो काम आसान हो जायेगा और कहीं अगले लक्सन से पहले आपकू पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हो गया तो फिर सदर बनने का काम पक्का। आप-आपकी पत्नी और आपके बालक का भाग्य मिलकर आपकू मंजिल तक पहुंचायेंगे जरूर। आपकी पूजनीया दादी प्रधान रहीं, आपक पूज्य पिता प्रधान रहे, इस परंपरा से तो आपका नंबर भी आना चाहिए। आपकू परधान बनना ही चाहिए। भइये, कानून की बात जै है, ऊ चाय वारा तो बीच में न जाने कहां से टपक गया और परधानी के तखत पर कब्जा कर लिया। कोऊ और क्वालिफिकेशन तो ऊ चाय वारे के पास थी नाय, खालिस जुमलेबाजी करके सत्ता पर काबिज हो गया। अगर जुमलेबाजी ही सदर बनने का नुस्खा है, तो राहुल दि ग्रेट भी किसी से कम नाय हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर दिया गया उनका भाषण रिकॉर्ड में है। बात कू कहां से कहां ले गये। सर्जिकल स्ट्राइक कू कहां से कहां जोड़ दिया और अपनी अदा पर अपने आप ही आंख मार दी। तो जुमलेबाजी के कंपटीशन में भी कोऊ से कम नाय हैंगे हमारे दि ग्रेट राहुल बाबा। पाल्टी के सदर बन गए, खुद पाल्टी हैं, जहां खड़े हो जाते हैं लाइन वहीं से शुरू होती है। उनकू परधानी का मौका मिलना ही चाहिए, चाहे ऊ चाय वारे कू कौलिया भरकर उठाना ही पड़े। अब तो कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने भी एक सुर में राहुल बाबा कू परधानी करने का, दूसरों से गठबंधन कर निर्णय करने का ठेका दे ही दिया है, वर्किंग कमेटी कू तो एक सुर में फैसला करना ही था, न करते तो क्या कमेटी के मैंबर रह पाते? अब गठबंधन में संभावित दावेदारों यथा अखिलेश दि ग्रेट, गजराजी दि ग्रेट, शरद पंवार दि ग्रेट, नितीश दि ग्रेट और ममता दि ग्रेटनी आफ बंगाल का क्या होगा? एक सुर में सबकू राहुल नामा का जाप करना ही होगा। राहुल बाबा के इशारों पर चलना ही होगा। राहुल बाबा का परधान बनने का काम तो लगभग पूरा हो ही गया- बस लक्सन होने तक इंतजार करना ही होगा।

जनपद के सभी अन्त्योदय ग्रामों में 31 जुलाई तक पूर्ण किया जाये सर्वेः डीएम

मुरादाबाद। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा करते हुए अनिवार्य मानकों के अनुसार 12 अगस्त 2018 तक नोडल अधिकारियों को कुपोषण मुक्त गांव घोषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुष्टाहार की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। पुष्टाहार गुणवत्ता की जांच दिल्ली की लैब में होगी, जिसको जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय द्वारा भेजा जायेगा।

जिलाधिकारी ने दो मुख्य एवं अनिवार्य मानकों के बारे में बताया कि ग्राम में 75 प्रतिशत गर्भवती महिलायें आयरन फोलिक एसिड की निर्धारित मात्रा का सेवन कराये ताकि गर्भावस्था के आखिरी त्रैमास में किसी भी गांव में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 25 प्रतिशत से कम हो जो वर्तमान में 50 प्रतिशत है तथा गांव में 6 माह से 5 वर्ष तक का कोई बच्चा डब्ल्यूएचओ ग्रोथ चार्ट के अनुसार लाल श्रेणी में न हो। जिलाधिकारी ने जनपद के चयनित गांवों में तैनात नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान जांच ले कि आंगनवाडी केन्द्रों पर 6 माह से तीन वर्ष तक के कितने बच्चे पंजीकृत हैं और आंगनबाडी कार्यकत्री द्वारा कितने बच्चों के गृह का भ्रमण किया गया है और 5 वर्ष तक की आयु के कितने बच्चे कुपोषित एवं अतिकुपोषित हैं साथ ही यह भी देख ले कि गांव में वजन दिवस के दौरान चिन्हित कुपोषित (पीला) एवं अतिकुपोषित (लाल) बच्चों की कितनी संख्या है। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी यह भी सुनिश्चित करे कि गांव में वर्तमान में कितनी गर्भवती महिलायें हैं और कितनी महिलाओं द्वारा आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का निर्धारित मात्रा में सेवन किया गया है और यह भी जांच लें कि कितनी महिलाओं का एमसीटीएस रजिस्ट्रेशन हो चुका है तथा कितनी महिलाओं की मासिक प्रसव की जांच की गयी है। मिशन अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत जनपद में चयनित 107 ग्रामों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 31 जुलाई 2018 तक सभी चयनित 107 ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अन्त्योदय ग्रामों के संतृप्तीकरण से संबंधित सभी विभागों को लक्ष्यों के निर्धारण में डाटाबेस प्रबन्धन का कार्य इस प्रकार संपादित करने की हिदायत दी कि लाभार्थीपरक योजनाओं में कोई भी पात्र चयन से वंचित रहने न पाये तथा ग्राम सभा की खुली बैठकों में अपात्रों के चयन की शिकायतें न आयें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृदुल चौधरी, जिला विकास अधिकारी केके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुपमा शांडिल्य, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बारिश ने शहर को बनाया तालाब

नगर पालिका के साथ कई सरकारी कार्यालयों में घुसा पानी

अमरोहा। भीषण गर्मी से निजात हासिल करने के लिए जनता की निगाहें आसमान की ओर लगी थीं। लोग व खासतौर पर किसान बारिश के लिए दुआ कर रहे थे। बारिश हुई और गर्मी से राहत भी मिल गई। किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। खेतों को पानी मिल गया। धान की रोपाई भी हो गई, लेकिन नगर की जनता को राहत के साथ ही परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को हुई बारिश का पानी अनेक स्थानों पर भरा रहा। रही सही कसर बुधवार की सुबह से हुई बारिश ने पूरी कर दी। बुधवार की सुबह लगभग चार बजे से शुरू हुई हल्की बारिश ने धीरे-धीरे मूसलाधार बारिश का रूप ले लिया। सुबह से हुई बारिश से सड़कें तो जलमग्न हो ही गईं। बारिश का पानी नगर पालिका परिषद कार्यालय के साथ ही अनेक सरकारी कार्यालयों में भी घुस गया। अंबेडकर पार्क के सामने स्थित सरकारी बीज गोदाम में पानी भरा होने से यहां अधिकारियों व कर्मचारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। कोतवाली रोड पर हिन्दू इंटर कालेज के पास, अंबेडकर पार्क के निकट व माधो टाकिज के पास शाम तक पानी भरा हुआ था। पैदल चलने वालों के साथ ही वाहन चालकों को भी यहां से गुजरने में भारी परेशानी हुई। नगर का ऐसा कोई गली-मुहल्ला नहीं है, जहां बरसात का पानी भरा न हो। नगर के चारों ओर बसी कालोनियों की नारकीय दशा है। वहां लोगों को अपने घरों से निकलना भी दूभर हो रहा है। जामा मस्जिद क्षेत्र में भी दिन भर पानी भरा रहा। यहां नमाजियों को मस्जिद में जाने के लिए परेशानी हुई। नालों की सफाई होने के बाद भी यहां स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। पूरा शहर ही तालाब की तरह नजर आ रहा है।

स्कूल खुलने के तीन सप्ताह बाद भी जिले के 50 हजार बच्चों को नहीं मिलीं किताबें

अमरोहा। जहां निजी स्कूलों में आधे से अधिक कोर्स पूरा होने को है। वहीं, बेसिक स्कूलों के बच्चों को किताबें तक नहीं मिल पाई हैं, जबकि स्कूल खुले 24 दिन बीत गए हैं। बगैर किताबों के ही बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। बच्चों को मिड डे मील खाकर ही घर लौटना पड़ रहा है। इसी कारण बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो तीन लाख से अधिक किताबें अभी आनी शेष रही हैं। बता दें कि जिले में एक हजार 629 विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में सवा लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। सभी बच्चों को विभाग द्वारा निशुल्क किताबें मुहैया कराने का प्रावधान है। कुल बच्चों के लिए 685049 किताबों की शासन से आपूर्ति होनी है। इसके सापेक्ष विभाग को अभी तक 323494 किताबें ही प्राप्त हो पाई हैं जबकि बच्चों की संख्या के अनुसार 361554 किताबें आनी शेष हैं। कक्षा एक से लेकर दो, तीन, पांच, छह की किताबें नहीं आई हैं। बिना किताबों के स्कूलों में पढ़ाई होने से बच्चों की संख्या लगातार घटती जा रही है। सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का भी बुरा हाल है बेसिक शिक्षा विभाग के 35 स्कूल कहने को तो इंग्लिश मीडियम में तब्दील कर दिए गए हैं। लेकिन अभी तक बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की किताबें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। आधी अधूरी किताबों से ही बच्चों को स्कूल में पढ़ाई करनी पड़ रही है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि कक्षा चार और पांच की 80 हजार किताबें प्राप्त हो गई हैं, सत्यापन करा लिया गया है, जल्द वितरण कराया जाएगा। शेष विषयों की किताबें भी शासन से जल्द प्राप्त होने की उम्मीद है। बच्चों को पुरानी किताबें दी जा चुकी हैं। उनके माध्यम से ही बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

तीन राज्यों में लोकसभा चुनाव लड़ेगी यूडीएफ : गांधी

अमरोहा। देश में बेरोजगारी भयावह रूप धारण करती जा रही है। सरकारी स्तर पर बेरोजगार युवाओं को किसी तरह की सुविधा उपलब्ध न कराये जाने से यह वर्ग हतोत्साहित है। इसलिए यूडीएफ ने अपने एजेंडे में सबसे उपर युवा बेरोजगारों को रोजगार देने का मुद्दा रखा है। नगर में पहली बार आए यूडीएफ के अध्यक्ष खुशी गांधी ने कहा कि सबसे पहले वह संगठन की मजबूती पर बल दे रहे हैं। कोई भी पार्टी अथवा दल संगठन की मजबूती के बिना चुनाव में कामयाब नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह पहली बार अमरोहा आये है। यहां अपने स्वागत व भीड़ को देखकर वह अपना पूरा ध्यान पार्टी संगठन को मजबूत करने व उसका विस्तार करने में लगाएंगे। अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में वह

कितने प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे, मालूम करने पर उन्होंने कहा कि दिल्ली, हिमाचल व यूपी सहित वह तीन प्रदेशों में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अमरोहा में पहली बार आने पर कैसा महसूस कर रहे हैं, मालूम करने पर उन्होंने कहा कि यहां की मेहमाननवाजी का क्या कहना। स्थानीय समस्याओं की ओर ध्यान दिलाये जाने पर उन्होंने कहा कि वह जानकारी कर हर संभव समाधान की कोशिश करेंगे। इससे पहले उन्होंने नगर के मुहल्ला नल में पार्टी के प्रदेश कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद तुर्की के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

हरिद्वार और बिजनौर बैराज से गंगा मे छोड़ा 94 हजार क्यूसेक पानी

अमरोहा। हरिद्वार व बिजनौर बैराज से गंगा में अधिक पानी छोड़े जाने पर खादर क्षेत्र में गंगा उफनने लगी है, जिससे खादर वासियों के दिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। हरिद्वार और बिजनौर बैराज से सोमवार को 88 हजार क्यूसेक से अधिक पानी गंगा में छोड़ा गया था। इससे तिगरी में मंगलवार की सुबह गंगा का जलस्तर 20 सेंटीमीटर बढ़कर 199.60 मीटर पर पहुंच गया। मंगलवार सुबह भी हरिद्वार व बिजनौर बैराज से 94 हजार कयूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। इससे बुधवार को तिगरी में गंगा का जलस्तर और बढ़ने की संभावना जताई गई है। खादर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से खादरवासियों के दिलों में दहशत फैल गई है। तिगरी में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर खादर के दर्जनों गांवों में पानी घुसने की आशंका है। ग्रामीण बाढ़ आने की आशंका से भयभीत हैं।

खादर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा

आत्मदाह की कोशिश कर रहे लोगों से सिपाही ने छीनी तेल की बोतल

सिपाही पर हमलावर हुए परिजन

मुरादाबाद। बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म किये जाने के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज़ पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बुधवार को ज़िला मुख्यालय पर जमकर हंगामा किया। परिवार के सदस्यों ने आत्मदाह के मकसद से हाथ में मिट्टी के तेल से भरी बोलत भी ले रखी थी। खुफिया विभाग के सिपाही ने हालात भांपते हुए तेल की बोतल छीनने चाही तो परिजन सिपाही पर ही हमलावर हो गये। एसएसपी कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मियों ने भीड़ के चंगुल से सिपाही को मुक्त कराया। बाद में सिविल लाइंस थाना पुलिस बच्ची के पिता को उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए अपने साथ ले गई। सिविल लाइंस थाना अन्तर्गत कस्बा अगवानपुर के एक मौहल्ले में रहने वाले व्यक्ति की 10 साल की बेटी 22 जुलाई की रात्रि में घर के आंगन में सोते वक्त गायब हो गई थी। बच्ची के परिजनों के मुताबिक काफी तलाशने पर भी कोई सुराग नहीं लगा तो अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर दी गई। इस बीच उसे कुछ लोगों ने बताया कि उसकी बच्ची को मौहल्ले का ही विक्की पुत्र यामीन अपने अन्य साथियों के साथ अगवा करके ले गया है। आरोप है कि वह बच्ची को तलाशते हुए खेत में पहुंचे तो वहां विक्की उसकी बच्ची के साथ गलत काम कर रहा था और उसके साथी भी वहीं मौजूद थे। इसके बाद वह बच्ची को लेकर चौकी पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। परिजनों का कहना है कि चौकी की पुलिस इस मामले को लेकर संजीदा नहीं है और फैसले का दबाव बना रही है। बच्ची के परिजन बुधवार को एसएसपी से मिलने ज़िला मुख्यालय पहुंचे। उनके साथ क्षेत्र की तमाम महिलाएं भी थीं। परिवार के एक सदस्य ने हाथ में मिट्टी के तेल की बोतल भी ले रखी थी। वहां मौजूद खुफिया विभाग के सिपाही सचिन ने मुस्तैदी दिखाते हुए तेल की बोतल छीननी चाही तो भीड़ उस पर हमलावर हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सिपाही को बचाया। एलआईयू के सिपाही द्वारा उठाये गये इस कदम की कचहरी परिसर में दिन भर सराहना होती रही।

सचिन ने निष्ठावान कर्मचारी के रूप में निभाई ड्यूटी

मुरादाबाद। सरकारी खुफिया एजेंसियों पर जहां एक ओर जनता जनार्दन द्वारा अनेक मनगढ़न्त आरोप लगाये जाते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं, जिन पर विभाग और समाज को नाज है। ऐसे निष्ठावान कर्मचारियों की बदौलत ही विभाग का सिर पूरे राष्ट्र में ऊंचा होता है। ऐसा ही एक जाबांज सुरक्षा कर्मी सचिन हैं, जिसने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ा हादसा होने से बचा लिया। हालांकि इस हादसे को बचाने में उसे अपमान भी सहना पड़ा, लेकिन उसने अपनी ड्यूटी को शानदार तरीके से अंजाम दिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मचने से बच गई। अगवानपुर का एक व्यक्ति कैरोसीन की बोतल लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान आत्मदाह का प्रयास कर रहा था। इस बात की भनक गोपनीय विभाग के एक जांबाज़ कर्मी सचिन एलआईयू स्पेशल ब्रांच ने अपनी जान पर खेलते हुए उस युवक के हाथ से मिट्टी के तेल की बोतल छीन ली। हालांकि प्रदर्शन में शामिल लोगों का उसे कोपभाजन बनना पड़ा। फिर भी उसने अपनी ड्यूटी को शानदार तरीके से अंजाम दिया। सचिन जैसे जांबाज़ कर्मियों पर विभाग को गर्व है। विभागीय अधिकारियों ने इस बाबत उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में उदासीनता बरतने वाले अधिकारी होंगे दण्डितः राकेश कुमार सिंह

मुरादाबाद। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए विभागों को वृक्षारोपण के लिये स्थान चिन्हित कर ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिये हैं। कई विभागों द्वारा वृक्षारोपण हेतु साइट चिन्हित कर अपलोड न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने डीएफओ को संबंधित विभागों को पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण में 15 अगस्त तक विभाग को अपना सम्पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों के पास पैसा नहीं है वह जनसहभागिता से वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण सरकार का सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है तथा चेतावनी दी है कि वृक्षारोपण में उदासीनता बरतने वाले लापरवाह अधिकारियों को दण्डित किया जायेगा। सभी वृक्षारोपण के स्थानों को चिन्हित कर अपलोड किया जाना है। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण करना ही नहीं है बल्कि वृक्षारोपण के उपरान्त वृक्ष की समुचित देखभाल भी करना है। उन्होंने सभी विभागों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विभाग के वृक्षारोपण में फर्जी आंकडे नहीं होने चाहिये, वास्तविक आंकड़े ही उपलब्ध कराये। उच्च शिक्षण संस्थानों में वृक्षारोपण हेतु जिलाधिकारी ने आगामी बैठक में डीएफओ को उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी आमन्त्रित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के स्कूलों की बाउंड्रीवाल के अन्दर पौधे अच्छी तरह सुरक्षित रहते हैं। वहां अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृदुल चौधरी, डीएफओ, ग्राम्य विकास अधिकारी, पंचायत राज अधिकारी, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, जनसभागिता, विद्युत, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

'याद-ए-रफी' के लिए ऑडीशन 30 जुलाई को

मुरादाबाद। जिगर मंच पर 31 जुलाई को होने वाले 'याद ए रफी' कार्यक्रम की तैयारियां तेज़ी से चल रहीं हैं। मुरादाबाद सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में होने जा रहे इस कार्यक्रम के लिए 30 जुलाई को कंपनी बाग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में ऑडीशन होंगे। चयनित प्रतिभागियों को याद ए रफी में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। मंगलवार को आयोजित हुई मुरादाबाद सांस्कृतिक समिति की बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। तय किया गया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। 30 जुलाई को ऑडीशन कराये जायेंगे। सफल प्रतिभागी 31 जुलाई को जिगर मंच पर प्रस्तुति देंगे। बैठक में अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, हाजी अशरफ अली, हाजी मौ. आमिल एड., मौहम्मद अहमद, के.के. गुप्ता, पवन त्यागी, बिलाल अहमद आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन 28 जुलाई को

अमरोहा। वर्ष 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों को हर हाल में पुरानी पेंशन अनुमन्य कराने तथा शिक्षकों के सम्मान को बचाने के लिए 28 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय पर आयोजित होने वाले धरने-प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान पूर्व एमएलसी सुभाष चन्द्र शर्मा ने किया है। प्रेस को जारी एक बयान में पूर्व एमएलसी सुभाष चन्द्र शर्मा के साथ ही जिलाध्यक्ष डा. जीपी सिंह, जिला मंत्री अतुल कुमार शर्मा, गुरनाम सिंह व कार्यकारिणी के सदस्यों ने आह्वान किया है कि 28 जुलाई शनिवार को सामूहिक अवकाश लेकर धरने प्रदर्शन में अवश्य शामिल हों।

पुलिस ने चलाया भोंपू अभियान

बिलारी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम थामला समेत कई गांवों में कोतवाली पुलिस ने शासन के निर्देशानुसार भोंपू अभियान चलाया, जिसमें गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को अपराधियों के बारे में बताया और ग्रामीणों से अपराधियों पर नजर रखने एवं पुलिस का सहयोग करने की अपील की थामला गांव में लंबे समय से चल रहे मीट के कारोबार के चलते प्रतिबंधित पशुओं के काटे जाने को लेकर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की भोंपू से आवाज़ लगाई साथ ही साथ अपराधियों के घर-घर जाकर उनके खिलाफ लिखे गए मुकदमा की जानकारी दी। भूरा पुत्र बाबू, मुस्लिम पुत्र मजीद शकील शकील पुत्र हमीद सालिम पुत्र अनीस, वसीम, यूनुस, फरीद, जाहिद पुत्रगण कल्लू, कमर पुत्र रफीक, इकबाल आदि अपराधियों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।

पुलिस ने कराया दो पक्षों में समझौता

ठाकुरद्वारा। सुरजननगर चौकी क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना में एक ही बिरादरी के दो लोगो में साइकिल को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें एक पक्ष ने पुलिस चौकी इंचार्ज को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी बुलाकर फैसला करा दिया। दोनों पक्ष सहमत हो गये। दोनों पक्षों ने कोई कार्यवाही नहीं की।

कमिश्नर ने अवैध निर्माणों के विरुद्ध दो सप्ताह का विशेष अभियान चलाने के दिये निर्देश

मुरादाबाद। आयुक्त मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद अनिल राजकुमार ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों तथा विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों एवं विनियमित क्षेत्रों के नियत प्राधिकारियों को अवैध निर्माणों के विरुद्ध दो सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर मण्डल में अवैध निर्माण कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने के कड़े निर्देश दिये हैं। कमिश्नर ने मण्डल में विकास प्राधिकरणों एवं विनियमित क्षेत्रों के अन्तर्गत अवैध निर्माण कार्यों पर प्रभावी कार्यवाही नहीं किये जाने की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों पर गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा है कि अवैध निर्माणों से जहां एक तरफ शहर के सुनियोजित विकास में बाधा उत्पन्न होती है वहीं दूसरी ओर और अधिक अवैध निर्माण को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं विकास प्राधिकरणों व उपाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि दो सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण कार्यों पर प्रभावी अंकुश लगायें तथा जो अवैध निर्माण कार्य हो चुके हैं, उनको चिन्हित करते हुए उन पर भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारियों से यह भी अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने अधीनस्थ उपजिलाधिकारी/नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र को अवैध निर्माण कार्यों की प्रभावी रोकथाम हेतु दो सप्ताह का विशेष अभियान संचालित करने हेतु निर्देशित करें।

बलात्कार का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमरोहा। थाना हसनपुर के गांव सिरसा गुर्जर निवासी महीपाल पुत्र जबर सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी कि अभियुक्त मनोज पुत्र शंकर निवासी ग्राम सिरसा गुर्जर थाना हसनपुर ने उसकी पुत्री कु. मोनिका के साथ अब से लगभग छः माह पूर्व उस समय तमंचे के बल पर बलात्कार किया था, जब वह घर से शौच को जा रही थी। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी, जिसके चलते उसकी पुत्री पांच माह की गर्भवती हो गई। गर्भवती होने पर जब इसकी शिकायत परिजनों से की गई तो अभियुक्त ने जबरन घर में घुस कर वादी की पुत्री को जबरदस्ती गर्भ गिरने की दवाई खिला दी, जिससे उसका पांच माह का गर्भ गिर गया। लेकिन मीडिया ने इस खबर को तोड़मरोड़ कर पेश किया। मामले के खुलासे के लिए एसपी सुधीर कुमार सिंह ने कोतवाली प्रभारी हसनपुर को सख्त निर्देश दिये, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मनोज को मुखबिर की सूचना के आधार पर संभल अड्डे के पास से 24/25 जुलाई की रात्रि में गिरफ्तार कर लिया गया।

अम्बेडकर पार्क का होगा सौन्दर्यकरण

मुरादाबाद। सिविल लाइंस स्थित अम्बेडकर पार्क का काया कल्प होने जा रहा है। अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के पदाधिकारियों ने आज महापौर विनोद अग्रवाल से मिलकर पार्क का सौन्दर्यकरण कराये जाने का आग्रह किया। संघ की इस मांग पर महापौर ने तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी। पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि सौन्दर्यकरण के लिए जल्द ही कार्य प्रारंभ करा दिया जायेगा।

विकास पुरुष के रूप में पहचान बनाई है ललित कौशिक एड.ने

ब्लॉक प्रमुखों के मण्डल अध्यक्ष हैं ललित कौशिक

(सुशील कुमार शर्मा)

मुरादाबाद। 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो' नामक पंक्तियां देश के महान साहित्यकार दुष्यंत कुमार ने शायद ललित कौशिक एडवोकेट जैसी महान शख्सियत के लिए कहीं होंगी। ललित कौशिक एड. वर्तमान में जहां एक ओर मूंढापाण्डे विकास खण्ड के प्रमुख हैं, वहीं दूसरी ओर मण्डलीय एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष की कुर्सी सुशोभित कर रहे हैं। ईमानदारी और सादगी की पराकाष्ठा को छूने वाले ललित कौशिक एड. ने अपने जीवन में अनेक संघर्ष किये, लेकिन उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी। यही वजह है कि उनकी संघर्षशीलता को ध्यान में रखते हुए मूंढापाण्डे विकास खंड के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने उन्हें अपना प्रमुख चुनाव। आज वह आदर्श ब्लॉक प्रमुख के रूप में पहचाने जाते हैं।

मूंढापाण्डे विकास खण्ड के ग्राम अक्का डिलारी में जनपद के प्रतिष्ठित एवं समाजसेवी व्यक्तित्व जगत कुमार शर्मा के यहां ललित कौशिक एड. ने जन्म लिया। प्रारंभ से ही पढ़ने में तेजतर्रार ललित कौशिक एड. ने कब एलएलबी कर ली, यह किसी को पता ही नहीं चला। मुरादाबाद जनपद में ब्राह्मण लीडरशिप का अस्तित्व समाप्त होने लगा था। ऐसी स्थिति में ललित कौशिक ने राजनीति में प्रवेश किया तथा मूंढापाण्डे विकास खंड के वह प्रमुख बने। ललित कौशिक एड. पूरी तरह से पर्यावरण प्रेमी

हैं तथा इस बार भी अगस्त माह में विकास खण्ड मूंढापाण्डे में वह भारी तादाद में पौधारोपण करायेंगे। इस संबंध में उन्होंने क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों से संपर्क भी साधना प्रारंभ कर दिया है। निश्चित रूप से मूंढापाण्डे विकास खंड, हरियाली प्रदान करने वाला ब्लॉक बनेगा। इसके अलावा इस विकास खंड में उन्होंने तेजी के साथ पूरी पारदर्शिता बरतते हुए विकास कार्य भी कराये हैं। पात्र लोगों का चयन करके उनको आवास भी उपलब्ध कराये गये हैं। सरकार की योजना इज्जत घर के लिए उन्होंने गांव-गांव घूमकर सरकार की ओडीएफ योजना में पूरा सहयोग प्रदान किया है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी ललित कौशिक एडवोकेट के प्रयासों की जमकर प्रशंसा कर चुके हैं। जिला प्रशासन भी पूरी तरह से उनकी पारदर्शिता वाली कार्यप्रणाली पर मंत्रमुग्ध है। निर्धनों एवं असहायों की मदद करना ललित कौशिक का शौक बन गया है। उनके प्रयासों से अनेक बच्चियां शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान भी उनका प्रिय अभियान है। वह बालिकाओं की शिक्षा के प्रति बेहद गंभीर हैं। हाल ही में श्री ललित कौशिक एड. ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ से लखनऊ जाकर प्रमुखों के साथ मुलाकात की तथा प्रमुखों को आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं पर पूरी तरह से गौर किया जायेगा। कुल मिलाकर विप्र शिरोमणि के रूप में विख्यात पं. ललित कौशिक एड. ने अपनी कर्मठता एवं योग्यता के बल पर मण्डलवासियों का दिल जीत लिया है। विकास पुरूष के रूप में उनको मुरादाबाद जनपद में जाना जाता है। बि.टा. परिवार भी पंडित ललित कौशिक एड. के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

सार संक्षिप्त

नुमाइश में अस्थायी मस्जिद बनाने को लेकर आपत्ति

बिजनौर। प्रत्येक वर्ष लगने वाली नुमाइश में मुस्लिम दुकानदारों द्वारा अस्थायी मस्जिद बनाने को लेकर राजनैतिक तूल दिया जा रहा है। भाजपा सांसद ने स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों से अस्थाई मस्जिद बनाने पर आपत्ति व्यक्त की है जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष जिला मुख्यालय पर लगने वाली जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी नुमाइश में अस्थाई मस्जिद बनाई जाती रही है जिसमें मुस्लिम दुकानदार नमाज पढ़ते हैं। इस बार भी प्रदर्शनी मैदान में निर्धारित जगह पर अस्थायी मस्जिद बनाई गई थी जिसका कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं ने विरोध किया और सांसद भारतेन्द्र सिंह को पूरे मामले से अवगत करा दिया जिसके बाद सांसद ने अधिकारियों से कार्यवाही की मांग की। प्रशासन ने गोपनीय विभाग की टीम को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराया है।

पुलिस चौकी से फरार हुआ चोरी का आरोपी

पैजनिया। पैजनियां पुलिस चौकी से एक आरोपी लघुशंका के बहाने वहां से फरार हो गया, लेकिन उसे ग्रामीणो ने पीछा कर दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। क्षेत्र के गांव फजलपुर ढाकी निवासी चोरी के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस पैजनियां चौकी अपने साथ लाई। आरोप है कि सोमवार की रात करीब नौ बजे युवक लघुशंका के बहाने मौके से फरार हो गया। इससे पुलिस में आरोपी युवक को पकड़ने के लिए हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस का शोर सुनकर मौके से भाग रहे आरोपी का पीछा कर ग्रामवासियों ने उसे दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र भड़ाना का कहना है कि चोरी के आरोपी युवक को पुलिस पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। चोर के पैजनियां चौकी से फरार होने के प्रयास की जानकारी होने से उन्होंने इंकार किया।

ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

नजीबाबाद। नगर के मौहल्ला वाहिदनगर निवासी श्रीमती महनाज परवीन पुत्री नसरूद्दीन खां ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में कहा कि उसकी शादी माह जुलाई 2016 को जिला गौतम बुद्ध नगर के थाना झाझर दनकौर निवासी सगीर जायसवाल के साथ हुई थी। शादी से पहले उसे बताया गया था कि लड़के की पूर्व में खालिदा नामक महिला के साथ शादी हुई थी। मगर लड़के ने महिला के बच्चे न होने के कारण उसे तलाक दे दिया था तथा बाद में उसके साथ शादी की थी। आरोप है कि शादी के छह माह बाद से ससुरालियों ने उसका दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। दहेज में 50 हजार व अन्य मांगें पूरी न होने पर ससुरालियों ने 14 मई 2018 को उसके साथ जमकर मारपीट की। जिसकी उसने थाना दनकौर पहुंचकर एनसीआर दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने ईद के पर्व को देखते हुए दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। मगर 31 मई को जब उसके माता-पिता उसे ईद की त्यौहारी देने के लिए ससुराल आये तो ससुरालियों ने तीनों के साथ मारपीट कर दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्हें घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति सगीर सहित अ. जब्बार, कदीर, राहत, फिराऊल, इद्रू, कमर जहां व मुनीफा आदि के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांवड़ शिविर व डीजे न लगाये जाने की मांग

सहारनपुर। मकान के सामने कांवड शिविर व डी.जे. न लगाये जाने के सम्बन्ध में पीड़ित ने सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। पीडित अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद निवासी देहरादून रोड सिटी पैथोलॉजी के ठीक सामने रामनगर पठानपुरा सहारनपुर ने बताया कि वह व उसकी पत्नि मानसिक रूप से बीमार रहते हैं। कांवड शिविर संचालक मनीष सहगल पुत्र श्रवण कुमार सहगल निवासी म.नं. 1314/2 जनकपुरी थाना जनकपुरी सहारनपुर पूर्व के गत वर्षों में दी गयी सशर्त अस्थायी अनुमति में दी गयी शर्तों का उल्लंघन करता है और अधिकारियों को गुमराह कर कांवड शिविर की अनुमति ले लेता है। उसने बताया कि सिटी पैथोलॉजी के ठीक सामने रामनगर पठानपुरा देहरादून रोड उसकी आदर्श फर्नीचर के नाम से दुकान व ऊपर मकान है। कांवड शिविर व 10-12 डीजे दिन-रात तेज आवाज में बजने से असहनीय पीड़ा के कारण उसे व उसके परिवार को घोर आपत्ति है। देश का संविधान सर्वोपरि है जिसमें सबको जीने का हक है। उसने कांवड शिविर को उसके घर के बाहर न लगाये जाने की मांग की है।

मालन में आया पानी बहा ले गया अस्थाई पुल

नांगल सोती। ग्राम पूण्डरी कला में शुगर मिल द्वारा बनवाया गया मालन नदी का अस्थायी रपटा मालन में आए पानी के कारण बह गया, जिससे पूण्डरी कला और बरमपुर सहित दोनों ओर के कई गांवों का एक -दूसरे से सम्पर्क कट गया। अब दोनों ओर के गांवों में बसे लोगों को नदी पार के गांवों में जाने के लिए कई किमी. की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। शासन की उपेक्षा के कारण दर्जनों गांवों के लोग पुल से महरूम हैं।

नांगल क्षेत्र के ग्राम पूण्डरी कला में बस्ती से कुछ दूरी पर मालन नदी बह रही है। यहां नदी पर पुल की सख्त जरुरत है। ग्रामीणों द्वारा वर्षों से की जा रही पुल की मांग के बावजूद आज तक शासन ने ग्रामीणों की उपेक्षा ही की है। पुल न होने से दर्जनों गांवों के लोग परेशानी उठाने को मजबूर हैं। शुगर मिलों का पेराई सत्र चालू होने पर उत्तम शुगर मिल बरकातपुर द्वारा किसानों की सुविधा हेतु यहां नदी पर बड़े-बड़े पाइप डालकर अस्थायी पुल रपटा बना दिया जाता है। किसान तो इस अस्थायी पुल से नदी पार कर खेतों से अपना गन्ना लेकर मिल पर जाते ही हैं, दोनों ओर से दर्जनों गांवों के ग्रामीण भी इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। मगर बरसात में जैसे ही नदी में पानी आता है, उक्त अस्थायी पुल बह जाता है।

इस बार भी नदी में पानी आते ही उक्त अस्थायी पुल बह गया है। यह अस्थायी पुल बहने से सर्वाधिक परेशानी पूण्डरी कला व बरमपुर के ग्रामीणों को होगी। दोनों गांवों के बीच की दूरी दो ढाई किमी है, मगर अस्थायी पुल बह जाने से दोनों गांवों के लोग एक- दूसरे से मिलने को कई गुना दूरी तय करने को मजबूर होंगे। पूण्डरी कला के तमाम किसानों के खेत भी नदी पार हैं, उन्हें अब खेतों पर जाना भी मुश्किल होगा। पूण्डरी कला व बरमपुर के आलवा पूण्डरी की ओर के चंदोक, कामराजपुर, बरकातपुर, सबलपुरबींतरा, पूण्डरी खुर्द, चंदक आदि गांवों और बरमपुर की साइड के ताहरपुर, किशनपुर, बूढ़पुर, भोजपुर खेड़ी, मुअज्जमपुर, पाडली आदि गांवों के लोगों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। कुछ लोग जान जोखिम में डाल पैदल भी नदी को पार करते हैं।

उपेक्षा का दंश झेल रहे लोग

पूण्डरी कला के पूर्व प्रधान सुबोध राजपूत, ग्राम प्रधानपति महेन्द्र सिंह राजपूत, मा. सागर सिंह, अरुण राजपूत, राकुमार सिंह, रमेश सिंह, दुष्यंत सिंह, मा. सोमीराम आर्य आदि का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से प्रशासन-शासन से मालन नदी पर पुल निर्माण की मांग कर चुके हैं। सेतु निगम के अधिकारियों ने एस्टीमेट भेजे जाने की बात भी कही थी, मगर आज तक पूण्डरी कला वासी शासन-प्रशासन की घोर उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। ग्रामीणों का शासन से सवाल है कि आखिर उनके गांव में पुल कब बनेगा?

स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

नदी के दोनों ओर बसे हुए गांवों के काफी बच्चे नदी पार करके स्कूल भी जाया करते थे। पूण्डरी की ओर के कुछ बच्चे नदी पार करके दूसरी ओर स्कूल जाते थे, जबकि बरमपुर क्षेत्र के काफी बच्चे नदी पार कर चंदक पढ़ने आते थे। अब उन बच्चों के सामने भी भारी दिक्कत आ खड़ी हुई है। उन्हें स्कूल जाने को काफी लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है।

किसानों को खुद ठीक करने पड़ते हैं रास्ते

मालन में जब ज्यादा पानी आता है तो नदी के दोनों ओर का काच्चा रास्ता व ईंटों का खड़ंजा भी क्षतिग्रस्त हो जाता है। पूण्डरी की ओर से नदी पार करने के बाद ईंटों का खडंजा बिछा हुआ है, जब पानी बहुत ज्यादा आता है तो उक्त खड़ंजा भी टूट जाता है। नदी के दोनों ओर थोड़ा-थोड़ा कच्चा रास्ता भी है, जो पानी बहने से कट जाता है तथा उसमें बड़ी-बड़ी दरारें पड़ जाती हैं। बरसात के बाद ये रास्ते किसानों को खुद ही ठीक करने पड़ते हैं।

सीओ ने गैंगरेप में अन्य युवकों के शामिल होने की जांच की

पीड़ित परिजन का हाल जाना, घटना की निंदा की

बढ़ापुर। गैंगरेप का शिकार हुई किशोरी के गांव पहुंचकर सीओ नगीना ने नामजद आरोपियों के अतिरिक्त घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की जांच की तथा पीड़िता के परिजनों का हाल जानकर इस शर्मनाक घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही बढ़ापुर पुलिस को फरार चल रहे पांचवें आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि क्षेत्र के एक गांव में कुछ युवकों ने एक नाबालिग किशोरी के साथ गैंग रेप कर उसका वीडियो बना लिया था। बाद में बलात्कारियों ने वीडियो को वायरल भी कर दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद गांव में पीड़िता के परिजनों को रुपए का लालच देकर दोषियों को बचाने के लिए पंचायतों का आयोजन भी किया जा रहा था। गैंगरेप और वीडियो वायरल की इस शर्मनाक घटना को बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार पत्रों दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया तो पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार ने घटना का संज्ञान लेते हुए बढ़ापुर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिस पर उसी दिन बढ़ापुर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की शिकार नाबालिग किशोरी की मां की तहरीर पर पांच आरोपियों के विरुद्ध गैंग रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज जा चुका है जबकि पांचवां आरोपी अभी फरार चल रहा है। इस संबंध में मंगलवार की देर सायं सीओ नगीना प्रवीण कुमार ने गांव पहुंच कर दुष्कर्म की इस घटना में मुकदमे में नामजद आरोपियों के अतिरिक्त अन्य लोगों की संलिप्ता की भी जांच की तथा पीड़िता के परिजनों का हालचाल जानकर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने का उन्हें भरोसा दिलाया। साथ ही बढ़ापुर पुलिस को फरार चल रहे पांचवें आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। इससे पूर्व गांव में पुलिस अधीक्षक व एडीजी बरेली जोन के पहुंचने की भी चर्चा चल रही थी, किंतु किन्हीं कारणों से वह नहीं पहुंच पाए।

पांचवां आरोपी भी गिरफ्तार

बढ़ापुर। सामूहिक दुष्कर्म के फरार चल रहे नामजद पांचवें आरोपी को भी पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है ऐसा विश्वस्त सूत्र बताते हैं। बताया जाता है कि घटना का पांचवां आरोपी अलाउद्दीन पुणे भाग गया था। बुधवार को जब वह गांव वापस आया उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि गुरुवार को उसे पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश किया जाएगा।

पमड़ावली हत्याकाण्ड के दो आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली देहात। थाना कोतवाली देहात के गांव फरीदपुर मान उर्फ पमड़ावली में सोमवार की रात्रि 45 वर्षीय गजेंद्र की गोली से हत्या में मृतक के पिता धर्मवीर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार व्यक्ति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, बाकी दो आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि बाकी दोनों हत्यारोपियों को भी गिरफ्तार कर शीघ्र जेल भेज दिया जाएगा। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि हत्या में नामजद नितेंद्र उर्फ छोटे व मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा बाकी दो हत्यारोपी विपिन उर्फ पिंकी व एक अन्य पुलिस की गिरफ्त से अभी बाहर है। पुलिस उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर लेगी।

प्रेस क्लब निर्माण को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएसन ने सौंपा डीएम को ज्ञापन

सहारनपुर। जिला मुख्यालय पर प्रेस क्लब भवन के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद सहारनपुर के बैनर तले दर्जनों पत्रकारों ने सहारनपुर के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे सहित मंडलायुक्त सी पी त्रिपाठी को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से जुड़े दर्जनों पत्रकार दैनिक जनवाणी के जिला प्रभारी अवनींद्र कमल, टोटल न्यूज़ चैनल के प्रभारी महेश भार्गव, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आलोक तनेजा व महानगर अध्यक्ष सुशील कपिल के नेतृत्व में जिलाधिकारी सहित मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंचे और प्रेस क्लब भवन निर्माण सहित 3 अन्य मांगों को प्रशासन के सम्मुख रखा जिनमे शासनादेश के अनुसार नियमित जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति की बैठक आयोजित होना, पत्रकारों के लिए आवासीय सुविधा, जनपद मे कवरेज के दौरान टोल प्लाजा पर पत्रकारो को टैक्स से छूट सम्बन्धी ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे व मंडलायुक्त सीपी त्रिपाठी ने ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर प्रेस क्लब निर्माण को लेकर पत्रकारो को सकारात्मक संकेत दिए। वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आलोक तनेजा ने कहा जनपद मुख्यालय पर प्रेस क्लब निर्माण की मांग वर्षो से लंबित चली आ रही है यदि प्रेस क्लब निर्माण की मांग पर शासन प्रशासन ने गंभीरता पूर्वक विचार ना किया तो जिले भर के पत्रकार सड़कों पर उतर कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।

तीन मकानों से लाखों की नकदी व जेवर चोरी

दो लड़कियों व लड़के की शादी का सामान भी ले गये चोर

चांदपुर। नगर में सक्रिय चोरों ने बंद पड़े दो भाइयों के मकान सहित तीन मकानों को निशाना बनाकर वहां से लाखों रुपए की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। चोरी गया सामान दो लड़कियों व लड़के की शादी के लिए रखा था। अत्यंत सुरक्षित स्थान पर हुई चोरी की वारदात से लोग चोरों की हिम्मत को दाद दे रहे हैं। यहां मुहल्ला शाहचंदन में बास्टा की पुरानी चुंगी के नजदीक मकसूद कुरैशी व मरगूब कुरैशी पुत्रगण मकबूल कुरैशी का मिला हुआ मकान है। कल सुबह पुलिस द्वारा पशु कटान के संबंध में की गई छापामारी से भयभीत होकर दोनों भाई के परिवार घर को ताला लगाकर चले गए थे। चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए मकसूद कुरैशी के मकान का कुण्डा काटकर वहां से 70हजार रुपए की नकदी व 7 तोले चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने पास में ही स्थित मरगूब कुरैशी के मकान के मेनगेट का कुण्डा काटकर व कमरों के ताले तोड़कर वहां से 15 तोले सोने के आभूषण, 18 हजार रुपए के रियाल, 4 तोले चांदी के आभूषण आदि सामान चोरी कर लिया। परिजनों ने बताया कि मरगूब के पुत्र, दो पुत्रियों की शादी होनी है, जिनके लिए यह सामान इकट्ठा किया जा रहा था। आज सुबह पड़ोसियों ने मेनगेट का कुण्डा कटा देख इसकी सूचना मकान स्वामी को दी। घटना से मुहल्ले में सनसनी फैल गई। चोरी की तीसरी वारदात ग्राम स्याऊ में हुई। बीती रात्रिचोरों ने ग्राम स्याऊ के मुहल्लाखेड़ा में सोमपाल सिंह पुत्र नौबहार सिंह के मकान में घुसकर वहां से ढाई हजार रुपए की नकदी व लगभग 20 हजार रुपए कीमत के आभूषण चोरी कर लिए। मालूम हो कि दो दिन पूर्व भी चोरों ने बास्टा रोड स्थित क्रीसेंट स्कूल से 12 सौर ऊर्जा के पैनल व 4 बैटरे चोरी कर लिए थे, जिनकी कीमत दो लाख रुपए बताई गई है।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर उ.प्र.ग्रा.पंचायत राज सफाई कर्मियों ने दिया धरना

सहारनपुर। उ.प्र. ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी ने अपने पूर्व निर्धारित एजेण्डे के अनुसार प्रांतीय नेतृत्व के आव्हान पर अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर धरना दिया। संघ ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी प्रेषित किया। धरने को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का वेतन मद अनुदान संख्या-83 व 14 को समाप्त करते हुए वेतन मद एक किया जाये। जिलाध्यक्ष नीरज भटनागर ने कहा कि राज्य कर्मचारी महासंघ राज्य कर्मचारियों की तरह ही ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों की भी पुरानी पेंशन बहाल की जावे। योगेन्द्र कुमार व राजकुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत सफाई कर्मचारियों की सेवा को लगभग 10 वर्ष हो गये हैं, शासनादेश के अनुसार प्रथम एसीपी का ग्रेड-पे-1900 किया जाना चाहिए ऐसे सफाई कर्मचारियों की सूची भी तैयार की जाये, राज्य कर्मचारियों की तरह ही सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली जो शासन में विचाराधीन है, उसको तत्काल बनवायी जाये।

जीवन में पाप पुण्य सोच समझकर करें- देवी सुदीक्षा

सहारनपुर। पंत विहार सरस्वती सत्संग भवन में चल रहे गुरू पूर्णिमा महोत्सव के चैथे दिन सतगुरू देव जी की पावन आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परम पूनजीय सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती ने अपने प्रवचनों में कहा कि मनुष्य के पास तीन वस्तुएं ऐसी हैं, जो मरने के बाद भी साथ जाती हैं, उनमें पहली है पाप। दूसरी है पुण्य और तीसरी किसी त्यागी महापुरूष द्वारा गुरू में दिया गया गुरू मन्त्र। इसलिए जीवन में पाप व पुण्य बहुत सोच समझकर करने चाहिए। कोशिश करें कि जीवन रहते पुण्य की इतनी पूंजी संचित कर ले कि मृत्यु के बाद इन पुण्यों के फलस्वरूप हमें उत्तम स्थान प्राप्त हो।

उन्होंने कहा कि अपने मन को बदलने के दो रास्ते है, एक तो बैराग और दूसरा अभ्यास। पहले मांगों से बैराग और फिर ईश्वर से चिंतन का अभ्यास। मन तो मानव के पास एक ही है वे चाहे तो इसे भोगों की जिंदगी में लगाकर अपवित्र कर ले चाहे तो भगवान के चिंतन में लगाकर पवित्र कर ले। इस अवसर पर राजीव कालिया, संजीव जसूजा, सुधीर मिगलानी, अमृत बजाज, कृष्ण लाल मक्कड, बंटी, सुधा, बालक, मानस सेतिया, मानस कपूर आदि मौजूद रहे।

दर्द कम हुआ, मीराबाई चानू को खेलने की उम्मीद

नयी दिल्ली। पीठ की तकलीफ के कारण एशियाई खेलों में शिरकत पर सवालिया निशान लगने के बावजूद विश्व चैंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक सेखोम मीराबाई चानू ने कहा कि उनकी चोट उतनी खराब नहीं है जितनी पहले सोची थी। इस भारोत्तोलक ने कहा कि प्रतियोगिता की तैयारी के लिए उन्हें सिर्फ दो हफ्ते की ट्रेनिंग की जरूरत है। मीराबाई ने मई में पीठ में तकलीफ की शिकायत की थी। देश भर के डाक्टर मीराबाई की चोट का असल कारण पता करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि दो सप्ताह में मैं एशियाई खेलों की अच्छी तैयारी कर सकती हूं। मीराबाई ने कहा कि दर्द की शुरूआत 25 मई को हुई। मैं उपचार के लिए दिल्ली और मुंबई सहित कई जगह गई लेकिन डाक्टर यह पता करने में नाकाम रहे कि असल में चोट क्या है। सभी टेस्ट की रिपोर्ट सामान्य थी, एक्सरे में भी कुछ नहीं पता चला। इंडोनेशिया में 18 अगस्त से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए अब जब एक महीने से भी कम का समय बचा है।

कैरेबियाई प्रीमियर लीग में बारबाडोस ट्रिडेंट्स से खेलेंगे स्टीव स्मिथ

मेलबर्न। गेंद से छेड़छाड़ के कारण एक साल का प्रतिबंध झेल रहे पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस ट्रिडेंट्स की तरफ से खेलेंगे। स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट मैच में गेंद से छेड़छाड़ के मामले के बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक साल के लिये बाहर कर दिया था लेकिन उन्हें स्थानीय टूर्नामेंटों में खेलने की छूट दे दी थी। इस स्टार बल्लेबाज ने हाल में ग्लोबल टी20 कनाडा टूर्नामेंट में भी हिस्सा लिया था। स्मिथ को बारबाडोस ट्रिडेंट्स की टीम में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन की जगह लिया गया है जो इस टूर्नामेंट के लिये उपलब्ध नहीं रहेंगे। बारबाडोस ट्रिडेंट्स के कोच रोबिन सिंह ने आज यह घोषणा की।

आयरलैंड को हराकर विश्व कप में जीत का स्वाद चखेगी भारतीय महिला हाकी टीम

लंदन। पहले मैच में इंग्लैंड को हराने का मौका गंवाने वाली भारतीय महिला हाकी टीम अपनी गलतियों से सबक लेकर विश्व कप में कल निचली रैंकिंग वाली आयरलैंड को हराकर पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। पूल बी के पहले मैच में भारत ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम इंग्लैंड से 1.1 से ड्रा खेला। खेल के 54वें मिनटमें एक गोल से बढत बरकरार रखने के बावजूद भारत ने आखिरी क्षणों में बराबरी का गोल गंवा दिया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत का सामना अब 16वीं रैंकिंग वाली आयरलैंड से है लेकिन उसे हलके में लेने की गलती शोर्ड मारिन की टीम कतई नहीं करेगी। सातवीं रैंकिंग वाली अमेरिका को 3.1 से हराकर आयरलैंड फिलहाल पूल बी में शीर्ष पर है। वह कल जीत जाती है तो नाकआउट चरण में प्रवेश तय हो जायेगा। दूसरी ओर भारत को कल हर हालत में जीतना होगा। भारत को पिछले साल जोहानिसबर्ग में हाकी विश्व लीग सेमीफाइनल में आयरलैंड ने 2.1 से हराया था। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम कल उस हार का बदला चुकता करना चाहेगा।

भारतीय सहयोगी स्टाफ और गोलकीपर सविता का मानना है कि वह हार अतीत की बात है और उनकी टीम आयरलैंड को हरा सकती है। उसने कहा, ''पिछले साल भी मैच में हम आगे थे लेकिन दो पेनल्टी कार्नर गंवाना भारी पड़ गया । हमारा डिफेंस मजबूत है और हम आक्रामक हाकी खेलते हैं जिससे हमारी टीम काफी मजबूत हुई है।'' भारतीय टीम को अपने खेल में सुधार के साथ उतरना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ वे एक भी पेनल्टी कार्नर नहीं बना सके। गोलकीपर सविता ने हालांकि कई गोल बचाये इंग्लैंड को मैच में छह पेनल्टी कार्नर मिले थे जिनमें से आखिरी पर ही रिबाउंड पर गोल हो सका। भारत कल जीतने पर शीर्ष पर पहुंच जायेगा । उसे 29 जुलाई को अमेरिका से आखिरी लीग मैच खेलना है । दूसरे मैच में स्पेन पूल सी में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा।

सिंधू की नजरें विश्व चैम्पियनशिप और एशियाड में पदक पर

नयी दिल्ली। इस सत्र में तीन फाइनल खेलने के बावजूद खिताब से वंचित रही पी वी सिंधू चीन में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप और इंडोनेशिया में एशियाई खेलों में नये सिरे से शुरूआत करेगी। रियो ओलंपिक 2016 में रजत पदक जीतने के बाद से सिंधू शानदार फार्म में है । पिछले साल वह छह फाइनल में पहुंची और तीन खिताब जीते। वह विश्व चैम्पियनशिप, हांगकांग ओपन और दुबई सुपर सीरिज में फाइनल में हार गई। इस साल वह इंडिया ओपन, राष्ट्रमंडल खेल और थाईलैंड ओपन में फाइनल में पहुंची लेकिन हार गई। उसने कहा, ''मैं जानती हूं कि कुछ समय से फाइनल हार रही हूं। हर बात का सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होता है। क्वार्टर फाइनल या सेमीफाइनल में हारने पर आप उन गलतियों से सीखते हैं । आप अच्छा खेल रहे हैं लेकिन आखिरी बाधा पार नहीं कर पा रहे।'

सिंधू ने कहा ,'' मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि फाइनल में पहुंचना जीतने के बराबर ही है। पहले या दूसरे दौर में हारना बुरा है। फाइनल में कुछ भी हो सकता है।'' सिंधू भारतीय टीम के साथ शनिवार को चीन रवाना होगी जहां 30 जुलाई से विश्व चैम्पियनशिप खेली जानी है। उसने कहा ,''मैं विश्व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं । मेरी तैयारी अच्छी है ।

महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाये : डा. प्रियंवदा तोमर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

बिजनौर। राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंवदा तोमर ने बुधवार को महिलाओं से जुड़े मामलों की जानकारी की तथा महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिये। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली एवं स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये।

राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंवदा तोमर ने बुधवार को महिला सुनवाई/समीक्षा बैठक में पीड़ित महिलाओं की व्यथा सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जानकारी ली। उन्होंने महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाये जाने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। नगीना संवाददाता के अनुसार राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंवदा तोमर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने वाली महिलाओं की जानकारी ली।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, उन्हें दी जाने वाली दवाइयों तथा परिवार नियोजन के संबंध में चिकित्सकों तथा स्टाफ से जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि पिछले पांच दिनों से सीएचसी में कोई प्रसव नहीं हुआ है। महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी में प्रसव कराने वाली महिलाओं से फोन पर भी बात की तथा पूछा कि उनसे प्रसव के नाम पर अस्पताल स्टाफ ने कोई पैसा तो नहीं लिया है।

डा. प्रियंवदा तोमर ने बताया कि किसी भी महिला द्वारा अस्पताल में किसी भी चिकित्सक या कर्मचारी द्वारा पैसा न लेने और बाहर से दवाई न खरीदने की बात कही गयी है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नगीना डा. गजेन्द्र कुमारर सिंह तथा जेएनएम पूजा थापन उपस्थित रहे।

घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में 4 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

नहटौर। ग्राम अल्लाहदादपुर दामोदर मुबारक उर्फ लल्लावाला में मंगलवार को शाम लगभग 4:30 बजे रविन्दर सैनी पुत्र नरपाल सैनी अपने मकान में सो रहे था। इसी दौरान अचानक गांव के ही विनोद शर्मा पुत्र नारायण दत्त, नितिन शर्मा व पंकज शर्मा पुत्रगण विनोद शर्मा ने अपने एक साथी अमित कुमार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी गांव माड़ेवाला के साथ मिलकर उस पर लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। जिससे रवेन्द्र बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गया। घर की महिलाओं के विरोध करने पर उनसे भी खींचा तानी व गाली गलौच की। इतना ही नहीं शोर सुनकर मौके पर आये रविन्द्र के चाचा राम कुमार पर आरोपियों ने तमंचे से फायर झोंक दिया। राम कुमार ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।फायरिंग की आवाज सुनकर दौड़कर आये ग्रामीणों को आता देख आरोपी अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ फायरिंग करते हुए फरार हो गये। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को देकर घायल को सीएचसी कोतवाली देहात में भर्ती कराया। आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से आरोपियों की बाइक व कारतूस के खाली खोखे अपने कब्जे में लिये। घटना की तहरीर घायल युवक रविंद्र सैनी के पिता नरपाल सैनी ने तहरीर पुलिस को दी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मुकेश कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी नितिन पंकज पुत्र विनोद शर्मा विनोद शर्मा पुत्र नारायण दत्त अमित पुत्र ओमपाल सिंह ग्राम माड़ेवाला के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया तथा गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही है शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

वर्षा से हुआ जलभराव

नहटौर। मंगलवार की रात को हुई वर्षा से नगर में जगह-जगह जलभराव होने के कारण दैनिक यात्रियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। साथ ही स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या भी कम रही। सरकारी कार्यालयों, ब्लाक परिसर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्लाक संसाधन केन्द्र के परिसर में जलभराव रहा।

सच्चा संत समाज को सुमार्गी बनाता है-रामस्नेही शास्त्री

श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन

गंज। उमा महेश आश्रम निजामतपुरा में श्रीमद् भागवत की ज्ञान गंगा के छठे दिन कथा वाचक रामस्नेही शास्त्री जी ने गोपियों व श्रीकृष्ण के महारास का वर्णन करते हुए कहा कि यदि मनुष्य महारास के गीत का श्रवण करता है तो उस के मन से काम का बीज सदा के लिए नष्ट हो जाता है तथा मनुष्य भगवान की कृ पा पाकर मुक्ति के मार्ग का गामी हो जाता है। उन्होंने संत के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा संत संसार को भ्रमित नहीं करता बल्कि समाज को सुमार्गी बनाता है और इस प्रकार के संत आज बहुत कम हैं। श्री शास्त्री ने कंस वध की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि कंस ने स्वयं अक्रूर महाराज को अपना तीव्र गति वाला रथ देकर श्रीकृष्ण व बलदाऊ को लेने के लिए वृन्दावन भेजा अक्रूर जी छोटे बच्चों के लिए बड़े चिन्तित थे किन्तु अक्रूर जी ने जब सुबह स्नान करने के लिए यमुना में डुबकी लगाई तो उन्हें श्री कृष्ण के विराट रूप के दर्शन हुए। इसके बाद भगवान ने त्रेतायुग के धोबी को मथुरा में आकर मारा। फिर कंस के पहलवानों का वध करके कंस का भी वध किया। आज का प्रसाद वितरण सामुहिक रूप से भक्तजनों द्वारा किया गया। सैकड़ों की संख्या में श्रोतागणों ने कथा का स्वादन किया।

विवाह अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन

बिजनौर। प्रवीण मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया है कि गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान के लिए संचालित शादी अनुदान की बेवासाईट में परिवर्तन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में शादी अनुदान हेतु पात्र आवेदकों द्वारा पुत्री के विवाह अनुदान प्राप्त करने के लिए निर्धारित बेवसाईट पर शासनदेश में दिये गये निर्देशों के अनुसार आन लाईन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र को ऑन लाइन भरने की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवश्यक अभिलेखों को आनलाइन अपलोड किया जाना आवश्यक है। आवेदक द्वारा आन लाईन आवेदन का प्रिंट आउट लेकर समस्त आवश्यक अभिलेखों तथा आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कन्या/वर की आयु का प्रमाण पत्र, बैंक खातों की फोटो प्रति इत्यादि को संग्लन करते हुए आवेदक पत्र नगरीय क्षेत्र की स्थिति में सम्बंधित उपजिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति में सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी को जांच हेतु दिया जाना अनिवार्य है।

डीआईओएस कार्यालय पर आज होने वाले धरना-प्रदर्शन में पहुंचने का आह्वान

चांदपुर। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ की तहसील स्तरीय बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर 26 जुलाई कल(आज) को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर में होने वाले धरने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया गया। मुहल्ला शांति कुंज में महेन्द्र सिंह त्यागी के आवास पर वेद प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता एवं जिलामंत्री पंकज कुमार

के संचालन में आयोजित बैठक में मण्डलीय मंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली कराने, वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय दिलाने, कैश लैस, मेडीक्लेम सुविधा दिलाने, कम्प्यूटर शिक्षकों को शिक्षकों का दर्जा दिलाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 26 जुलाई कल (आज) को जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में नसीमुद्दीन, सुहेल, आबिद, नरपाल सिंह, वेदपाल गंगवार, मलखान सिंह, दीपक गर्ग, कुंवर सेन गौतम, लेफ्टिनेट शशांक शर्मा, जावेद अख्तर, मौ. इमरान, नफीस अहमद, मौ. तय्यब आदि शिक्षक मौजूद थे।

पंचायत की खुली बैठक में दी गई योजनाओं की जानकारी

अफजलगढ़। ग्राम पंचायत मीरापुर मोदीवाला के प्राइमरी स्कूल में पंचायत की खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दिव्यांग, विधवा, वृद्धा पेंशन के बारे मे जानकारी देते हुए पात्रों की पेंशन बनवाये जाने पर विचार किया गया। खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई व साथ ही पंचायत में होने वाले विकास कार्यो की चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अय्यूब अंसारी व संचालन सचिव विकास कुमार ने किया। बैठक में हामिद, जाकिर अहमद, फईम अहमद, रिजवान अंसारी, जसवंत सिंह, गजराम सिंह, गनपत सिंह, रामकिशोर सिंह, करतार सिंह, अमर सिंह, मदन सिंह, सरजीत सिंह, मौहम्मद उमर, नसरुद्दीन, मतलूब अंसारी तथा वसीम अहमद आदि सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अवैध रूप से जमीन कब्जाने का आरोप डीएम को शिकायती पत्र दिया

बिजनौर। गंज क्षेत्र के गांव निजामतपुरा के लोगों ने गांव के ही कुछ व्यक्तियों पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है तथा आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। बुधवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी से मिला तथा गांव के ही मुन्नू, राजेश, शेखर, कलवा, वेदप्रकाश, अमीपाल, मुकेश, धर्मपाल, विजय, राजू, सत्ते, सोनू, पप्पू आदि पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को मांग पत्र दिया। मांग पत्र में कहा गया है कि गांव के कुछ अल्पसंख्यक संक्रमणीय भूमिधर है। गांव के ही कुछ व्यक्ति अवैध कब्जा करने की नियत से गांव वालों को धमकाते रहते हैं। पत्र में कहा गया है कि कुछ लोग धार्मिक भावनाएं भड़का कर गांव का माहौल खराब कर रहे हैं। ऐसे में इनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही जरूरी है। जिलाधिकारी से मिलने वालों में तसलीम, असगर, हनीफ, अफसर, रईस, नौशाद, शमशाद, इदरीश प्रमुख हैं।

प्राथमिक विद्यालय धर्मनगरी में यूनिफार्म का वितरण

बिजनौर। प्राथमिक विद्यालय धर्मनगरी द्वितीय में सौरभ सिंघल जिला संयोजक नमामि गंगे व नगर अध्यक्ष व्यापार मण्डल बिजनौर उनकी पत्नी शालनी सिंघल एवं ग्राम प्रधान धर्मनगरी क्रांति देवा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर ड्रेस वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। रोशनी विश्वास, दिशा, रिया सैनी तथा वंशिका कक्षा 3 व 4 की छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान पर नृत्य प्रस्तुत किया। माही व पल्लवी ने अंग्रेजी में 25 तक पहाड़े सुनाये व सामुहिक रूप से छात्रों ने 'लहरो से डर कर नौका पार नही होती' नामक प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया।

ड्रेस वितरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सौरभ सिंघल व उनकी धर्मपत्नी ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए मन लगाकर पढ़ने को कहा तथा छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलने को भी प्रेरित किया। ड्रेस के साथ-साथ उन्होंने छात्रों को नाश्ता भी वितरण किया तथा विभिन्न प्रस्तुति करने वाले छात्र-छात्राओं व विद्यालय की रसोईयों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधान अध्यापक रितेश भटनागर व शुचि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया तथा नीलम भारती, गिरेन्द्र सिंह व ज्ञानवीर सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान

चांदपुर। भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने केन्द्र में पुन: भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।

श्री पाठक बुधवार की शाम को नगर स्थित लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह में जिला समन्वयक समिति की बैठक में शामिल होने के लिए यहां आये थे। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री पाठक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हमने उत्तर प्रदेश में 73 प्लस सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही पूरे जी जान से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर्व पर गुरूओं का पूजन किया जायेगा तथा प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। श्री पाठक ने बताया कि 11-12 अगस्त को मेरठ में होने वाली कार्य समिति की बैठक का उद्घाटन गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक चांदपुर श्रीमती कमलेश सैनी, विधायक नहटौर ओमकुमार, विधायक धामपुर अशोक राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसौदिया, विवेक कर्णवाल, श्रीमती सुमन त्यागी, हरेन्द्र मलिक, रचनापाल, चौ. सुधीन्द्र सिंह, डा. योगेन्द्र सिंह, प्रधान अभिषेक कुमार आदि मौजूद थे।

बारिश से राहत मिली

राजा का ताजपुर। बीस दिन में पहली तेज मानसूनी वर्षा होने पर आम जनता ने तपती गर्मी से राहत महसूस की, वहीं किसानों के लिए यह वर्षा धान की रोपाई के लिए वरदान साबित हुई झपिछले बीस दिन से आसमान में समय-समय पर छाये काले बादल ताजपुर क्षेत्र को छोड़ इधर-उधर बरस रहे थे। किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे, वहीं आमजन भीषण गर्मी से त्रस्त थी। बुधवार को सुबह 3.30 बजे से ही तेज वर्षा होने पर किसान एवं आमजन ने राहत महसूस की। बुधवार को नूरपुर, बुढ़नपुर, रवाना, गौहावर सभी क्षेत्रों में बारिश हुई। बारिश के चलते प्राथमिक स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की संख्या कम रही।

नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम संदीप कुमार अग्रवाल था, जो मैंने अब बदलकर संदीप अग्रवाल रख लिया है। अब मुझे भविष्य में संदीप अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाये।- **संदीप अग्रवाल** पुत्र ब्रह्मावतार, निवासी मौहल्ला जाटान, जिला बिजनौर

सूचना

पहले मेरे पुत्र का नाम हर्षित चौधरी व उसकी जन्मतिथि 20.11.2002 थी, अब मैंने अपने पुत्र का नाम आधार कार्ड के अनुसार हर्षित व उसकी जन्मतिथि 20.04.2002 कर दी है। भविष्य में मेरे पुत्र को हर्षित व उसकी जन्मतिथि 20.04.2002 को माना व जाना जाये।-**दिनेश सिंह** पुत्र राजपाल सिंह, निवासी मकान नं. 234 जगमन्दरदास रोड निकट रेलवे स्टेशन, सिविल लाइन-प्रथम, बिजनौर

हाथियों ने उत्पात मचाया, फसल रौंदकर बर्बाद की

अफजलगढ़। कार्बेट टाईगर रिजर्व के सीमावर्ती गांवों में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। जंगली हाथियों के झुंड ने खेतों में घुसकर उत्पात मचाते हुए कई एकड़ गन्ने व धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया ।

गांव मीरापुर निवासी दलबीर सिंह, जुझार सिंह, जैल सिंह,सतु लाला, अजीत सिंह, रोशन सिंह, बसन सिंह, बख्सी सिंह, शेर सिंह, कुलविंदर सिंह, निर्मल कौर,नानक कौर आदि का कहना है कि मंगलवार को रात्रि जंगली हाथियों का झुंड खेतों में घुस गया तथा उत्पात मचाते हुए खेतों में खड़ी फसल को रौदने लगा इस दौरान हाथियों की चिंघाड़ सुनकर दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा हाथियों को भगाने का प्रयास किया लेकिन लाख प्रयासों के बावजूद हाथी टस से मस नहीं हुए तथा फसलों को रोंदते रहे, इसके बाद मौके पर पहुंचे अन्य ग्रामीणों ने शोर-शराबा करते हुए पटाखे फोड़कर भारी मशक्कत करके हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा हाथियों के खेतों से निकलने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली मगर तब तक हाथी ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की करीब दस एकड़ से अधिक धान व गन्ने की फसल को रौद कर बर्बाद कर चुके थे। उधर ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से जंगली जानवरों के आबादी वाले इलाकों में जाने से रोकने तथा क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है । उधर ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी जंगली जानवरों को आबादी वाले इलाकों में आने से रोकने में पूरी तरह नाकाम हैं तथा धनाभाव का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं ।इस सम्बन्ध में नगीना के डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव का कहना है कि वन कर्मियों भेजकर जंगली जानवरों को रोकने का प्रयास किया जाएगा।

ऑनलाइन निविदा सूचना

आसवनी इकाई में वेयर हाउस कैमिकल्स, धान की भूसी एवं लकड़ी का बुरादा की आपूर्ति प्राप्त किये जाने हेतु अनुभवी एवं जीएसटी में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं निर्धारित तिथि को प्रात: 11.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें, धरोहर धनराशि, निविदा फार्म का मूल्य आदि जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अन्य संबंधित जानकारी आसवनी इकाई कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

क्र.सं.	विवरण	निविदा तिथि	धरोहर धनराशि
1.	वेयर हाउस कैमिकल्स	03.08.2018	50,000.00
2.	धान की भूसी	03.08.2018	1,00,000.00
3.	लकड़ी का बुरादा	04.08.2018	10,000.00

-दानवीर सिंह प्रधान प्रबंधक। दूरभाष : 01341-255411

हितेश अध्यक्ष व शिवओम महामंत्री चुने गये

नूरपुर। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ब्लाक इकाई नूरपुर के चुनाव में प्रा.वि. खटाई के सहायक अध्यापक हितेश कुमार का निर्विरोध अध्यक्ष तथा पूर्व मा. वि. झिरन के शिक्षक शिवओम शर्मा को निर्विरोध महामंत्री चुना गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय धौलागढ़ में आयोजित शिक्षक अधिवेशन में सम्पन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया में दोनों शिक्षक एकल नामांकन होने की स्थिति में निर्विरोध चुने गये। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अर्चना सिंह व अजय यादव ने सम्पन्न कराई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार यादव, चन्द्रप्रकाश सिंह, प्रदेश संयुक्त मंत्री विश्वपाल सिंह, संदीप कुमार, भूपेन्द्र सिंह, अम्बरीश कुमार, गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।

नागरिक अधिकार समिति की बैठक 28 जुलाई को

बिजनौर। नागरिक अधिकार एवं विकास समिति बिजनौर की मासिक बैठक 28 जुलाई को शाम 6.30 बजे समिति के सचिव देवेन्द्र पाल सिंह के नई बस्ती स्थित आवास पर आहूत की गयी है। बैठक में छात्र-सम्मान समारोह को भव्य तरीके से कराने तथा जनसमस्याओं का समाधान कराने आदि विषयों पर विचार विमर्श किया जायेगा। यह जानकारी समिति के सचिव देवेन्द्र पाल सिंह ने दी है।

सुगम एवं सुविधाजनक हो कावंडियों का मार्ग:डीएम

मुरादाबाद। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जे. रविन्द्र गौड ने कलैक्ट्रेट सभागार में कावंड यात्रा के संबंध में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा प्रशासनिक सुरक्षात्मक प्रबन्धों के संबंध में अधिकारियों एवं कांवड जत्थों के पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि कावड़ियों का मार्ग सुगम, सुविधाजनक एवं सहज बनाये रखने तथा सुरक्षा के साथ-साथ सतर्कता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को बाच टॉवर लगाने तथा सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मन्दिरों के आस पास सफाई, जलापूर्ति की व्यवस्था व आवारा पशुओं को पकड़ने की व्यवस्था हो। उन्होंने विद्युत के झूलते तारों को ठीक कराने तथा पेट्रोल पम्पों के आस पास कावंड सेवा शिविर, भारी वाहनों के आवागमन के दृष्टिगत न लगने देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में कांवड़ जत्थेदारों द्वारा प्रस्तुत विद्युत लाइनों के तारों के लटके होने, सड़कों में गढ्डे तथा सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत सप्लाई आदि बहुमूल्य सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिये। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि कावंड पथ पर उगी झाड़ियों को काटकर कांवड रुट को ठीक किया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि कावंड रूटों के 5-6 प्वाइंटों पर चिकित्सा टीमें अनिवार्य रुप से मुस्तैद रहें। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि जहां-जहां कांवड रूटों पर विद्युत तार लटके हैं उन्हें ऊंचे करें और इसके लिये अभी से लाईनों का सर्वे का कार्य शुरु कर दें। नगर में एलएण्डटी कंपनी द्वारा सीवर लाइन के लिये खोदी जा रही सड़क को दुरुस्त कर समय से गढ्डामुक्त करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड यात्रियों की सहायता के लिये कावंड रुटो पर जगह-जगह पुलिस केन्द्र बनाये जाएंगे तथा अन्य 65 जगहों पर जहां जलाभिषेक होता है वहां मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। शहर को 9 जोन व 24 सेक्टरों में बांटा गया है, 6 स्थानों पर बाच टावर तथा 25 से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया जायेगा।

सिनेमा

सरगम थियेटर चांदपुर

DOLBY DIGITAL IN SELECTED THEATRES

में आज

पैसा वसूल

बिजली का कट नहीं होगा, आवाज सुनें कभी इधर, कभी उधर से

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वात्वाधिकारी **विनीता रघुवंशी** ने आदर्श प्रिंटर्स नई बस्ती, बिजनौर में मुद्रित करा कर बिजनौर टाइम्स रोड, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-**चन्द्रमणि रघुवंशी**, संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**। आर. एन. आई. नं. 9756/63 टेलीफोन-260002, 262603 फैक्स नं.-01342-262602, डाक पंजीयन संख्या यूपी बीजेएन-13/2016-2018 **E-Mail: bijnor_times@yahoo.co.in वेबसाइट-www.bijnortimes.in**

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
जल्दी करें! केवल 6 दिन शेष हैं
निर्धारण वर्ष 2018-19 की आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि
31 जुलाई, 2018
अधिक जानकारी के लिए : www.incometaxindiaefiling.gov.in
संपर्क : 1800-103-0025/+918046122000
OPERATION CLEAN MONEY
davp 15401/13/0028/1819

सार संक्षेप

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

बिजनौर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रमेश चन्द तिवारी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार अफजलगढ़ के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी एक युवती ने मौहल्ले के ही महफूज खान पुत्र नबील पिछले सात साल से शादी का झांसा देकर अस्मत लूटा रहा था। युवती ने यह भी आरोप लगाया है कि महफूज सऊदी अरब रहता था और उसे उसने अपनी पत्नी बनाकर रखा था। कभी-कभी उसके पास सऊदी से रुपए भी भेजता था। उसके परिवार वालों को भी इस बारे में जानकारी थी। अब महफूज उसे धोखा देकर दूसरे शादी करना चाहता है। इस मामले में जिला जज श्री रमेश चन्द्र तिवारी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त महफूज खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

डेढ़ कुंतल गौमांस के साथ दो गिरफ्तार

नजीबाबाद। स्थानीय पुलिस ने टाटा इंडिका में डेढ़ कुंतल गाय का मांस व गोकशी के उपकरणों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाने पर गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जाब्तागंज पुलिस चौकी के एसआई रामवीर सिंह ने कांस्टेबल ज्ञानेंद्र सिंह, सचिन कुमार व सुशील कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर तेलीवाले कुएं के समीप फहमीद के घर के पास टाटा इंडिका संख्या यूए 07एम-6502 को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक व्यक्ति फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गये वाहन से 150 किलो गोमांस व गौकशी करने के उपकरण तीन छुरे, पाठल आदि बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गये लोगों के नाम सुहैल पुत्र इलियास निवासी ग्राम फजलपुर खास व बुला पुत्र बांडा निवासी मौहल्ला जाब्तागंज बताया। जबकि मौके से दानिश पुत्र इलियास निवासी मौहल्ला पठानपुरा फरार हो गया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ गोवध अधिनियम की धारा 3/5/8 के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया। जबकि फरार एक आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस पर लगाया रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

नजीबाबाद। किरतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर तीरगर निवासी श्रीमती हमीदा पत्नी नूर अहमद ने महिला आयोग व डीजीपी को पत्र भेजकर पुत्र व पुत्रवधू का कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़न करने व पुलिस के उसकी रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उसके पुत्र वसीम से कस्बा जलालाबाद के कुछ लोगों ने पूर्व में बाइक छीन ली थी। इस संबंध में उसने न्यायालय में 165(3) में केस दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इसी रंजिश में जलालाबाद के दो लोगों ने उसके पुत्र वसीम, पुत्रवधू सबीना व दामाद निजामुद्दीन को 21 जुलाई 2018 को जलालाबाद में पेट्रोल पंप के समीप रोक लिया। उक्त लोगों ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलौच कर मारपीट कर उसे बंधक बना लिया। साथ ही उसकी पुत्रवधू के साथ अश्लील हरकत की। उक्त लोगों ने उसके परिवार से पुत्र व पुत्रवधू को छोड़ने के लिए पांच लाख रूपए की डिमांड भी की। इस घटना की सूचना उन्होंने पहले मोबाइल पर व बाद में खुद पहुंचकर लिखित में नजीबाबाद थाना पुलिस को दी। मगर पुलिस ने न तो आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न ही रिपोर्ट दर्ज की। पीडिता ने मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

हजारों का माल उड़ा ले गये चोर

अफजलगढ़। रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव बादशाहपुर में चोरों ने घर की दीवार फांदकर हजारों का माल साफ कर दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित पुष्पेंद्र पुत्र खूब सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात वह परिजनों के साथ आंगन में सोया था, जबकि उसके पिता खूब सिंह पशुओं के पास घेर में सोए हुए थे। रात एक बजे आहट होने पर उसने देखा कि दो लोग कमरे से निकल कर जा रहे हैं। जब तक उसने शोर मचाया, वे दोनों रफूचक्कर हो गए। परिजनों ने अंदर जाकर देखा कि अलमारी व सन्दूक के ताले टूटे पड़े हैं तथा दो तोला सोना, दस तोला चांदी व 1500 की नकदी गायब है। पीड़ित ने तहरीर देकर माल बरामदगी की मांग की है।

पूर्व कर्मचारी ने लुटवाया था पेट्रोल पम्प स्वामी को

पुलिस ने घटना का खुलासा कर गिरफ्तार किये पांच बदमाश

बिजनौर। 20 दिन पूर्व चांदपुर में पेट्रोल पम्प स्वामी से हुई लूट पम्प के पूर्व कर्मचारी ने कराई थी। क्राइम ब्रांच व चांदपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने लूट का खुलासा करते हुए पम्प के पूर्व कर्मचारी सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने बदमाशों से घटना में प्रयुक्त दो बाइकें, लूटे गये रुपयों में से 75 हजार रुपये व असलहा बरामद किया है। पांचों बदमाश अमरोहा जनपद के हैं।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी उमेश कुमार ने बताया कि चांदपुर के मौहल्ला चिम्मन निवासी मुकुल गुप्ता का जलीलपुर क्षेत्र में कुतुबपुर गांव के पास पेट्रोल पम्प है। 6 जुलाई की रात को मुकुल गुप्ता पेट्रोल पम्प से बिक्री के रुपये लेकर चांदपुर लौट रहे थे। रास्ते में आधा दर्जन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया था और तमंचों की नोंक पर उनसे 2 लाख 20 हजार रुपए लूट लिये थे। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके साथ मारपीट भी की थी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार ने घटना के खुलासे के लिए चांदपुर पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच को भी लगाया था। क्राइम ब्रांच व चांदपुर पुलिस की मेहनत रंग लाई। पुलिस ने मंगलवार की रात को गन्ना सेंटर तिराहे पर बसंतपुर बास्टा रोड की ओर से दो बाइकों से आ रहे 6 बदमाशों को घेर लिया। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर भी किया, लेकिन पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग करते हुए 6 बदमाशों में से 5 को दबोच लिया, जबकि एक भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार बदमाशों ने अपना अपराध स्वीकारते हुए अपने नाम पवन कुमार पुत्र किशोरी सिंह निवासी मिलक महमूदपुर नौगांवा सादात, मौ. राहत पुत्र सत्तार निवासी ग्राम रसूलपुर गांवड़ी नौगावां सादात, वीर सिंह उर्फ बिटटू पुत्र जगदीश ग्राम कुण्डा माफी नौगांवा सादात, गुरुवेन्द्र उर्फ भानु पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम कुण्डा माफी तथा संदीप पुत्र हरपाल ग्राम खड़कपुर नौगांवा सादात बताया। बदमाशों ने अपने फरार साथी का नाम जलील उर्फ भूरा ग्राम सैदपुर इम्मा थाना नौगांवा सादात बताया। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों से लूटे गये रुपयों में से 75 हजार रुपये, 3 तमंचे, 6 जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, दो चाकू व दो बाइकें बरामद की हैं।

पम्प से हटते ही सबक सिखाने की ठान ली थी

पेट्रोल पम्प स्वामी को लूटने की योजना पम्प के पूर्व कर्मचारी पवन कुमार पुत्र किशोरी सिंह ने बनाई थी। पवन पेट्रोल पम्प पर नौकरी करता था। लगभग 6 माह पूर्व शराब पीकर तेल डालने पर उसे पेट्रोल पम्प से हटा दिया गया था। पवन आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसने पम्प से हटते ही पम्प स्वामी को सबक सिखाने की ठान ली थी। उसने साथी बदमाशों को इकट्ठा कर पम्प स्वामी को लूटने की योजना बनाई। घटना वाले दिन पवन ने पम्प तथा मालिक के रैकी की थी।

फल व्यापारी से रुपयों से भरा थैला छीना

थैले में थे 6 लाख 68 हजार रुपए

नूरपुर। शिवालाकलां थाना क्षेत्र के ग्राम रतनगढ़ में बाइक सवार बदमाशों ने एक फल व्यापारी की आंखों में मिर्च झोंककर उससे रुपयों से भरा थैला छीन लिया। थैले में छह लाख 68 हजार रुपए थे। पुलिस घटना को आपसी लेनदेन का विवाद समझकर संदिग्ध मान रही है। घटना के 24 घण्टे बाद भी पीड़ित की ओर से तहरीर न दिए जाने पर एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। अमरोहा के मौहल्ला तकियावाला निवासी शकील अहमद फल व्यापारी है। मंगलवार को वह अमरोहा के एक बैंक से रुपये निकालकर रतनगढ़ में खरीदे गए आम का भुगतान करने के लिए बाइक से रतनगढ़ की ओर जा रहा था कि पीछा कर रहे दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने चलती बाइक पर ही उसकी आंखों में मिर्च का पाउडर डाल दिया जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। इस बीच बाइक सवार चारों बदमाशों ने उसे तमंचे से आतंकित कर उसके साथ मारपीट करते हुए उससे रुपयों का थैला छीन लिया जिसमें छह लाख 68 हजार रुपए थे। शकील के अनुसार बाग में मौजूद लोगों ने उसे वहां पड़ा देखकर उसके भाई को तथा डायल 100 पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद शकील के परिजन उसे अपने साथ अमरोहा ले गए। शिवालाकलां थानाध्यक्ष अमन सिंह ने घटना की बाबत बताया कि पीड़ित के द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति ने घटनास्थल से मात्र पांच सौ मीटर की दूरी पर खड़ी डायल 100 को कोई सूचना नहीं दी। पीड़ित व उसके परिजन शिवालाकलां थाने के सामने से गुजरे लेकिन थाने में घटना की सूचना व तहरीर तक देने नहीं आए। उन्हें जब घटना का पता चला तो पीड़ित शकील से पूछताछ कर उसे तहरीर देने को कहा गया, लेकिन उसने घटना की तहरीर नहीं दी। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

दुकान के बाहर से बाइक चोरी

नूरपुर। चांदपुर तिराहे पर एक दुकान के बाहर से बाइक चोरी हो गई। अमरोहा के ग्राम मुनव्वरपुर निवासी यशवीर सिंह पुत्र ओमपाल सिंह चांदपुर तिराहे पर इण्डियन होटल के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर खाना खाने लगा। इस बीच उसकी बाइक चोरी हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन चोरी गई बाइक नहीं मिली, इससे पूर्व भाजपा नेता नरेश भाटी सहित लगभग आधा दर्जन व्यक्तियों की बाइकें चोरी हो चुकी हैं।

L.R.S. COLLEGE
शरीफपुर खौराज नगीना, बिजनौर
अल्पसंख्यक संस्थान/कालेज कोड-150032
अल्पसंख्यक कोटे के अंतर्गत D.EL. Ed में सीधे प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं शीघ्र सम्पर्क करें-
Mob No 9219608031, 34, Email Id educationalpark11@gmail.com

गेहूं से लदा ट्रक दुकानों के सामने पलटा हो सकता था बड़ा हादसा

अफजलगढ़। भूतपुरी तिराहे पर देर रात्रि एक अनियंत्रित गेंहू के बोरों से लदा ट्रक दुकानों के सामने पलट गया। दुकानों के सामने चारपाई डालकर सो रहा गृह स्वामी बाल-बाल बच गया। जबकि चारपाई ट्रक के नीचे दब गई। अन्य दुकानदारों का रखा सामान भी टूट गया। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ट्रक के क्लीनर संजीव कुमार निवासी बरेली ने बताया कि वह और ट्रक चालक राकेश कुमार निवासी बहेड़ी उत्तराखंड से ट्रक में गेहूं के बोरे लादकर रुद्रपुर से कोटद्वार जा रहे थे। रात्रि करीब 2 बजे जैसे ही उनकी गाड़ी भूतपुरी तिराहे पर पहुंची एकाएक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकानों के सामने पलट गया। पीड़ित दुकानदारों पप्पू सिंह पुत्र मुसद्दी सिंह की टायर पंक्चर की दुकान का इंजन व हवा का टैंक टूट गया जबकि अमर सिंह व करन सिंह का अन्य कृषि कार्य का सामान इंजन आदि टूट गए। दुकानों के बाहर सोये राम सिंह पुत्र लल्लू सिंह के पैर ट्रक की बॉडी के नीचे दब गए। शोर सुनकर पड़ोसियों ने उसे बाहर निकाला। ट्रक चालक को पुलिस ने हिरासत में ले

बिजनौर टाइम्स हिंदी दैनिक
कासमपुर गढ़ी (सीरवासुचंद)
में
बिजनौर टाइम्स
हिंदी दैनिक के अधिकृत
संवाददाता

मो0 आसिफ
मौ. आसिफ के नियुक्त होने पर
हार्दिक बधाई
-:शुभाकांक्षी:-
महबूब खां, बाबर खां, अशरफ अली, इस्लाम, ताहिर, मुंशी

उत्तराखण्ड सीमा पर बसे दो गांव गंगा में समाने के कगार पर

तेजी से हो रहा कटान

मंडावर। जनपद के मौहम्मदपुर देवमल विकास खंड़ के दो गांव रामसहायवाला व हिम्मतपुर बेला उत्तराखंड की सीमा पर बसे हुये हैं। गंगा इन गांवों के सामने तटबंध पर कटान कर रही है। यह कटान उत्तराखंड सिचाई विभाग हरिद्वार की लाख कोशिश के बाद भी जारी है। उत्तराखंड सरकार कट्टों में मिट्टी भर कर जाल लगाकर कटान को रोकने की लाख कोशिश कर रही है। गंगा के उफान के सामने सब बचाव कार्य फेल हो रहे हैं। ग्रामीण गांव से पलायन कर रहे हैं। लेकिन बिजनौर प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। दोनों गांव जो बिजनौर जिले में पढ़ते हैं अस्तित्व मिटने के कगार पर है। अगर यूपी प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो दोनों गांव की जनता बेघर हो जाएगी। ग्रामीण लज्जाराम, कुंवर सिंह सैनी, सतीश, मोहन, हरप्रीत, सोहन आदि का कहना है कि बिजनौर प्रशासन उनकी मदद नहीं कर रहा है। उत्तराखंड सरकार काम कर रही है लेकिन गंगा के बहाव के सामने सब कुछ फेल नजर आ रहा हैं। दोनों गांव के गंगा के समीप स्थित मंदिर के पास भी गंगा कटान कर रही है, जिससे मंदिर के अस्तित्व को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। कभी भी गंगा इन गांवों पर कहर बनकर टूट सकती हैं।

ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया

चांदपुर। नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह ने पुलिस बल को साथ लेकर ग्राम भिड़ियाखेड़ा में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से ग्राम समाज की भूमि पर किए गए कब्जे को हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त किया। ग्राम भिड़ियाखेड़ा में सतेन्द्र कुमार व सुधीर कुमार आदि ने ग्राम समाज की गाटा संख्या 75 व 78 पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। बुधवार को नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह ने पुलिस व जेसीबी के साथ गांव पहुंचकर भूमि को कब्जामुक्त कराया। नायब तहसीलदार ने अतिक्रमणकारियों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि वे सरकारी भूमि पर किए कब्जे को तुरन्त कब्जामुक्त कर दें, नहीं तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

घर लौट रहे लोगों को मारपीट कर 3 हजार लूटे

मंडावर। थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव निवासी एक व्यक्ति मंगलवार की देर शाम अपने घर जा रहा था। रास्ते में उसके साथ तीन लोगों ने बाइक रुकवाकर मारपीट की और तीन हजार रुपये लूट ले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। मंगलवार की शाम को लगभग सात बजे गांव किशनबांस निवासी महमूद पुत्र यासीन व कासिम पुत्र शरीफ मंडावर से मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे तीन लोगों ने बाइक रुकवाकर मारपीट शुरु कर दी और महमूद की जेब से तीन हजार रुपये लूट लिये। बदमाश बाइक नाली में गिराककर भाग निकले। महमूद ने तीनों लोगों को पहचान लिया। नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने नामजद शहजाद पुत्र शरीफ व अरबाज, बिलाल पुत्र शहजाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल महमूद को चिकित्सा परिक्षण के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। शहजाद नाम के आरोपी पर थाने में चौदह मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी अंशु माली ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

VIVEK GROUP OF COLLEGES
''अनुशासित एवं शैक्षिक वातावरण''
ESTD 2003
CAMPUS:
Moradabad Road Post Agri, Bijnor (UP) 246701
t. +91 9756609070, 9837324210, 8192005001
INVITES APPLICATIONS FOR:
PROFESSOR / ASSOCIATE PROFESSOR / ASST. PROFESSOR
BAMS,M.PHARM, B.PHARM ANM GNM
BA.LL.B., LL.B., BBA,MBA.B.COM(Hons),B.Sc (HONS)
BCA,D.EL.ED,B.ED,M.ED, MSW, B.Sc (HOME SCIENCE)
MUSIC, DANCE, PHYSICAL EDUCATION(SPORTS)
ALSO REQUIRES
DIRECTOR (ACADEMICS), CHARTERED ACCOUNTANT,
CLINICAL EXPERT (MBBS) & OTHER COLLEGE AND HOSPITAL STAFF
SALARY IS NO BAR FOR DISERVING CANDIDATE | Send your resume on
jobs@vivekcollege.ac.in mentioning the positions applied for in subject line.
FOR DETAILED NOTICE VISIT www.vivekcollege.ac.in

बारिश की भेंट चढ़ गया तालाबों की भूमि को कब्जामुक्त कराने का अभियान

हल्दौर। नगर में तहसील व चकबन्दी विभाग की टीम द्वारा ग्राम समाज की भूमि में स्थित तालाबों की भूमि को कब्जामुक्त कराने का अभियान बारिश की भेंट चढ़ गया। सवेरे चार बजे से लगातार हो रही वर्षा के चलते सम्बन्धित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पूरे दिन हाथ पर हाथ धरे वर्षा रुकने का इंतजार करते रहे। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मंगलवार को चकबन्दी विभाग की टीम में ग्राम समाज की भूमि में स्थित तालाबों की भूमि के चिन्हीकरण की कार्यवाही की गई थी। बुधवार को तहसील व चकबन्दी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उक्त भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने का अभियान शुरू होना था। दोनों विभागों की टीम तय समय पर उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराने पहुंच गयी। किन्तु सवेरे चार बजे से लगातार हो रही वर्षा के चलते अधिकारी व कर्मचारी कब्जा हटाने का कार्य शुरू नहीं कर सके। सहायक चकबन्दी अधिकारी जंगवीर सिंह ने बताया कि वर्षा के चलते आज कार्य शुरू नहीं हो सका है। अब पुन: कोई अगली तारीख निर्धारित कर चिन्हित स्थानों से अवैध कब्जे हटाने के कार्य शुरू किया जाएगा। अभियान के टलने से अवैध कब्जाधारियों ने राहत की सांस ली है।